उज्जैन
सोमवार
08
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-215
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



जाह्नवी कपूर के सपोर्ट में आई साउथ एक्ट्रेस, बोलीं- 'पेड्डी' विवाद में एक्ट्रेस को नहीं, मेकर्स को जिम्मेदार ठहराएं; मेकअप आर्टिस्ट ने भी किया बचाव

# कॉकरोच जनता पार्टी देशभर में प्रदर्शन करेगी

## अभिजीत दीपके बोले- खुद अलग-अलग राज्यों और शहरों में जाऊंगा, 13 जून तक शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने देशभर में प्रदर्शन का ऐलान किया है। उन्होंने रविवार रात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो मैसेज जारी कर कहा- अगर 13 जून तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो मैं खुद अलग-अलग राज्यों और शहरों में प्रदर्शन के लिए जाऊंगा।

उन्होंने कहा कि अगर इसके बाद भी शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया तो देशभर के छात्र फिर से दिल्ली जाएंगे और शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे। सीजेपी ने 6 जून को जंतर-मंतर पर भी प्रदर्शन किया था और परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की थी।




अभिजीत 6 जून को प्रदर्शन के लिए अमेरिका से भारत आए हैं। वे रविवार सुबह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित अपने घर पहुंचे। उन्होंने शाम को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा- पिछले 10-12 साल में देश की राजनीति हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर केंद्रित रही है। इससे रोजगार नहीं मिलेगा।

**24 घंटे में 6 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स बढ़े-** कॉकरोच जनता पार्टी के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या भी बढ़ गई है। प्रदर्शन से पहले उनके फॉलोअर्स की संख्या 2.21 करोड़ थी। 7 जून को दोपहर 3 बजे तक यह संख्या बढ़कर 2.27 करोड़ हो गई। एक्स पर उनके 2.70 लाख फॉलोअर्स हैं।

### अभिजीत के सामने 3 बड़ी चुनौतियां

- **फॉलोअर्स को वोटर्स में बदलना:** सोशल मीडिया पर समर्थन की तुलना में जंतर-मंतर की कम भीड़ ने साबित किया कि पार्टी को जमीनीस्तर पर ब्लॉक और जिला कमेटियां बनानी होंगी। पार्टी के पास पॉलिटिक्स का अनुभव नहीं है। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की ताकत तो है, लेकिन सवाल है कि अगर वे चुनाव में उतरते हैं तो क्या इसे वोट बैंक में बदल पाएंगे।
- **अन्ना आंदोलन जैसा मददगार कैडर नहीं:** 2011 के अन्ना आंदोलन की कामयाबी के पीछे अलग-अलग संगठनों का समर्थन था। कॉकरोच जनता पार्टी के पास कैडर नहीं है। उसका पूरा आधार क्लिक एक्टिविज्म पर टिका है। इंस्टाग्राम पर 2.2 करोड़ फॉलोअर्स होना डिजिटल उपलब्धि तो है, लेकिन इस वर्चुअल कैडर के पास न लीडर हैं और न ही बूथ मैनेजमेंट की कोई समझ।
- **सिंगल पॉइंट एजेंडा नहीं:** कामयाब राजनीतिक या सामाजिक आंदोलन की पहली शर्त सिंगल पॉइंट एजेंडा है। अन्ना आंदोलन का एक साफ मकसद था- लोकपाल बिल। इससे लोग जुड़ गए। कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन में आए लोगों में कोई मणिपुर की बात कर रहा था, कोई टैक्स और पानी के संकट की, तो कोई करप्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर की। पार्टी को स्पष्ट राष्ट्रीय नीति और एजेंडा सामने रखना होगा।

## हरियाणवी कलाकार पेप्सी शर्मा का निधन, 38 की उम्र में दिल का दौरा पड़ा



**सोनीपत।** हरियाणवी लोक कलाकार व रागनी गायक पेप्सी शर्मा का निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि अचानक सीने में दर्द उठने के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पेप्सी शर्मा 38 साल के थे। उनके 10 साल की बेटी व 7 साल का बेटा है। उनका असली नाम यशपाल शर्मा था, लेकिन स्टेज पर पेप्सी शर्मा के नाम से मशहूर हुए। मूलरूप से गाजियाबाद के पतला गांव के थे। हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश व दिल्ली एनसीआर में स्टेज परफॉर्मेंस के जरिये खास पहचान बनाई। हरियाणा में गोशालाओं में होने वाले रागनी कंपीटिशन में उनकी खास भूमिका रहती थी।

## डोनाल्ड ट्रंप-मोजतबा मुलाकात पर ईरान ने लगाया ब्रेक

**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच दोनों देशों के संबंधों में एक नया मोड़ आ गया है। ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और देश के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के बीच संभावित मुलाकात की अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया है। साथ ही तेहरान ने अमेरिका के सामने 24 अरब डॉलर की जमी हुई ईरानी संपत्तियां जारी करने की शर्त रखी है और चेतावनी दी है कि यदि वार्ता पूरी तरह विफल हुई तो संघर्ष का दायरा हिंद महासागर से लेकर भूमध्य सागर तक फैल सकता है। हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से इच्छा जताई थी कि वह ईरान के सर्वोच्च नेता से मिलना चाहेंगे और भविष्य में ऐसी मुलाकात संभव हो सकती है।

## टीवीके को डीएमके 2.0 बताकर बीजेपी का बड़ा हमला



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में सियासी बयानबाजी लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने सत्तारूढ़ तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) सरकार पर बड़ा हमला बोला है। तमिलनाडु बीजेपी के सचिव विनोज पी सेलवल ने टीवीके को डीएमके 2.0 करार देते हुए आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और टीवीके दोनों ही राज्य को नुकसान पहुंचाने में एक-दूसरे के सहयोगी बने हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि बदलाव की उम्मीद में वोट देने वाले लोगों को वास्तव में एक नए पैकेज में पुरानी राजनीति ही मिली है।

## पमरे का रिश्वतखोर डिप्टी चीफ इंजीनियर हुआ सस्पेंड

**जबलपुर।** पमरे के जबलपुर रेल मंडल के सागर में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जबलपुर इकाई ने रेलवे के डिप्टी सीई कंस्ट्रक्शन 2 नारायण सिंह बुंदेला को 1 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद पश्चिम मध्य रेल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करते हुए उन्हें उनके वर्तमान पद से हटा दिया गया है। अभी उनकी निलंबन अवधि में पदस्थापना कहां की गई है, इसकी जानकारी नहीं लग सकी है। सीबीआई की टीम ने आरोपी रेल इंजीनियर को सीबीआई की विशेष कोर्ट में पेश किया और 3 दिन की रिमांड मांगी। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बुंदेला को तीन दिन की सीबीआई की कस्टडी में देने की मंजूरी प्रदान की। रिमांड की अवधि सोमवार 8 जून को समाप्त हो रही है।

## अमेरिका में भारत के आईटी प्रोफेशनल की हत्या फिर सिर में गोली मारी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया शहर में तेलंगाना के 28 साल के भारतीय युवक अंशुल कुंचा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिवार का आरोप है कि यह कोई लूटपाट नहीं बल्कि पहले से रची गई साजिश थी। उनका कहना है कि अंशुल को पिज्जा का फेक ऑर्डर देकर सुनसान इलाके में बुलाया गया और वहां पहुंचते ही हमलावरों ने उनके सिर में गोलियां मार दीं। अंशुल को शनिवार देर रात फिलाडेल्फिया के रेमंड रोसेन होम्स नामक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के एक पते पर पिज्जा पहुंचाने का ऑर्डर मिला। जब वह वहां पहुंचे तो वहां कोई ग्राहक मौजूद नहीं था।

## स्टेज पर हरियाणवी डांसर की कमर छूने पर एफआईआर

**सोनीपत।** स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान हरियाणवी डांसर की कमर छूने के मामले में उत्तर प्रदेश के सासनी थाने में एफआईआर दर्ज हो गई है। रविवार को डांसर ने हाथरस पहुंचकर थाने में अपने बयान दर्ज कराए। इसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 में मामला दर्ज कर लिया। यह घटना 3 जून को हुई थी। डांसर ने बदसलूकी करने वाले युवक को स्टेज पर ही थप्पड़ जड़ दिया था। इतना ही नहीं, डांसर ने इसका वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी पोस्ट किया था।

# फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप, कई बिल्डिंग गिरीं

## एक की मौत, 3 मीटर ऊंची सुनामी की चेतावनी, जापान, इंडोनेशिया और मलेशिया तक अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मनीला**

फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद फिलीपींस, इंडोनेशिया और मलेशिया के तटीय इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई। शुरूआती रिपोर्टों के मुताबिक कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और एक व्यक्ति की मौत हुई है।

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के जनरल सैंटोस शहर से करीब 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था।



फिलीपींस के भूकंप संस्थान के अनुसार भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी नीचे गहराई 10 में था, जबकि यूएसजीएस ने 55 किलोमीटर गहराई दर्ज की।

पैसिफिक सुनामी वार्निंग सेंटर ने चेतावनी दी है कि फिलीपींस के कुछ तटीय इलाकों में 3 मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। वहीं, इंडोनेशिया और मलेशिया के कुछ तटों पर 1 मीटर तक ऊंची लहरों का खतरा है।

### भूकंप के बाद कई इलाकों में बिजली गुल

जनरल सैंटोस सिटी पुलिस के मास्टर सार्जेंट रॉबर्ट डैगन ने अऋढ को बताया कि कई भवन प्रभावित हुए हैं और राहत-बचाव का काम लगातार जारी है। शहर के कुछ हिस्सों में बिजली भी चली गई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। जनरल सैंटोस सिटी प्रशासन ने दुकानों और इमारतों को पहुंचे भारी नुकसान की तस्वीरें जारी की हैं। सरंगानी प्रांत के अलाबेल कस्बे के पुलिस प्रमुख बेंजी एंचेटा ने बताया कि पुलिस स्टेशन की इमारत में भी दरारें आ गई हैं।

# नीट पेपर लीक के बाद एनटीए सिस्टम बदलेगा

## एक्सपर्ट्स सवाल तैयार तो करेंगे, पर पता नहीं होगा किस एग्जाम के लिए किया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

नीट-यूजी 2026 पेपर लीक और उइरए की मार्किंग गड़बड़ियों के बाद सरकार परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, एनटीए ऐसा नया सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जिसमें सवाल तैयार करने वाले एक्पर्ट्स को भी पता नहीं होगा कि वह किस एग्जाम के क्वेश्चन पेपर बना रहे हैं।

नई योजना के तहत अलग-अलग विषयों के एक्सपर्ट्स केवल सवाल तैयार करेंगे। इन सवालों को एक बड़े डिजिटल बैंक में रखा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इसमें करीब 10 हजार सवाल हो सकते हैं। बाद में टेक्नीक की मदद से इन सवालों से फाइनल एग्जाम पेपर तैयार होगा।

वहीं, शनिवार को इंडियन एक्सप्रेस के आइडिया एक्सचेंज कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा- पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिक जिम्मेदारी ली है। मंत्री जिम्मेदारी से नहीं भाग रहे, बल्कि व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार कदम उठा रहे हैं।

### जानिए एनटीए की नई प्लानिंग के बारे में

एनटीए से जुड़े अधिकारी ने कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे प्रश्नपत्र की जानकारी बहुत कम लोगों तक पहुंचे। सिस्टम को लोगों पर नहीं, प्रोसेस पर भरोसा करना चाहिए। पेपर लीक मामले में ट्रांसलेशन करने वालों की गिरफ्तारी के बाद ठळअ ट्रांसलेशन प्रोसेस में भी बदलाव करना चाहती है। एजेंसी पहले ही सुप्रीम कोर्ट को बता चुकी है कि वह करीब 85% ट्रांसलेशन का काम अकसे कराने की योजना बना रही है। इसके बाद एक्सपर्ट्स सिर्फ यह जांचेंगे कि ट्रांसलेशन सही हुआ या नहीं। अधिकारियों का कहना है कि कोशिश यह भी रहेगी कि ट्रांसलेशन करने वालों को यह जानकारी न हो कि वे किस परीक्षा के सवाल देख रहे हैं।

# इंग्लैंड के वर्ल्ड कप बेस कैंप के पास फायरिंग में 9 घायल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कैनसस सिटी**

अमेरिका के कैनसस सिटी में इंग्लैंड की फीफा वर्ल्ड कप-2026 बेस कैंप साइट के पास शनिवार को गोलीबारी हुई, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। घटना ऐसे समय हुई है जब उत्तरी अमेरिका में फीफा वर्ल्ड कप-2026 शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी हैं।

गोलीबारी कैनसस सिटी स्थित स्वोप सॉकर विलेज के करीब हुई, जिसे वर्ल्ड कप के दौरान इंग्लैंड टीम का ट्रेनिंग बेस कैंप बनाया गया है। घटना स्थल बेस कैंप से करीब 4 मील दूर बताया गया है। हालांकि, इंग्लैंड की टीम अभी वहां नहीं पहुंची है। टीम बुधवार को ऑरलैंडो में कोस्टा रिका के खिलाफ प्री-टूर्नामेंट फ्रेंडली मैच खेलेगी।

कैनसस सिटी पुलिस के अनुसार फायरिंग में घायल सभी 9 लोगों की जान को कोई खतरा नहीं है। इनमें से कम से कम 3 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी संदिग्ध को गिरफ्तार नहीं किया गया है और जांच जारी है। इंग्लैंड वर्ल्ड कप-2026 में ग्रुप छ में क्रोएशिया, घाना और पनामा के साथ खेल रहा है। टीम अपना पहला मुकाबला 17 जून को क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगी। 1966 की विश्व चैंपियन इंग्लैंड इस बार दूसरा विश्व कप खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी।

## ईरान-इजराइल में 2 महीने बाद फिर जंग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव**

ईरान और इजराइल के अप्रैल में हुए सीजफायर केक 2 महीने बाद दोबारा जंग शुरू हो गई। ईरान ने रविवार रात इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

ईरान की रेवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि यह कार्रवाई लेबनान में हिजबुल्लाह पर इजराइली हमलों के जवाब में की गई है। हमलों के बाद इजराइल के कई हिस्सों में सायरन बजे और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। इसके जवाब में कुछ घंटों बाद इजराइल ने ईरान में जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। इजराइली सेना ने कहा कि उसने पश्चिमी और मध्य ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। ईरानी समाचार एजेंसी ईरान के मुताबिक, तेहरान, तबरीज और इस्फहान में कई विस्फोट हुए।

# महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग के दूसरे चरण में विद्यार्थियों का उत्साह देखने को मिला

## चयनित विद्यार्थियों को 13 जून तक प्रवेश शुल्क जमा कर अपनी सीट सुनिश्चित करनी होगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी सरकारी और निजी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ऑनलाइन काउंसलिंग के दूसरे चरण में विद्यार्थियों का उत्साह देखने को मिला है। पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी दूसरे चरण में करीब 1.50 लाख विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। ऑनलाइन आवेदनों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अब स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सीट आवंटन सूची जारी की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को 13 जून तक प्रवेश शुल्क जमा कर अपनी सीट सुनिश्चित करनी होगी।

उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार स्नातक पाठ्यक्रमों की सीट आवंटन सूची 7 जून और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सूची 8 जून को जारी की जाएगी। दूसरे चरण में रिक्त सीटों को भरने के बाद अगले सप्ताह कॉलेज स्तर की काउंसलिंग आयोजित की जाएगी, जिसके माध्यम से शेष सीटों पर सीधे प्रवेश दिए जाएंगे। पहले चरण में 1.32 लाख से अधिक विद्यार्थियों को सीटें आवंटित की गई थीं। इनमें 1,07,075 स्नातक और 25,123 स्नातकोत्तर विद्यार्थी शामिल थे। हालांकि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने प्रवेश की प्रक्रिया पूरी नहीं की, जिसके कारण सीटों का भराव अपेक्षा से कम रहा। लगभग 30 हजार ऐसे विद्यार्थी भी थे जिन्हें दस्तावेजों की कमी या अन्य कारणों से पहली सूची में कॉलेज आवंटित नहीं हो सका था। इन्हें दूसरे चरण में फिर से अवसर दिया गया है।

### आर्ट्स और साइंस विषयों की ओर बढ़ा रुझान

शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. संजय आर्य के अनुसार दूसरे चरण की काउंसलिंग में भी विद्यार्थियों ने आर्ट्स और साइंस संकायों में सबसे अधिक रुचि दिखाई है। नीट, जेईई और यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों का झुकाव इन विषयों की ओर अधिक देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति तथा विद्यार्थियों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव भी प्रवेश प्रक्रिया में दिखाई दे रहा है। उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों का अनुमान है कि दूसरे चरण के बाद भी कुल सीटों का 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा ही भर पाएगा। प्रदेश के महाविद्यालयों में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीएचएमएस, बीजेएमसी सहित अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों की लगभग आठ लाख तथा एमए, एमकॉम, एमएससी समेत अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की करीब पांच लाख सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। पहले चरण में केवल 10 प्रतिशत सीटें ही भर सकी थीं।

# डोमिनिकन रिपब्लिक में प्राइवेट जेट क्रैश

## रनवे पर आग का गोला बना, पायलट और को-पायलट की मौत



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव**

डोमिनिकन रिपब्लिक के ला रोमाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश के दौरान विमान रनवे पर उछला और देखते ही देखते आग के बड़े गोले में बदल गया। हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई।

डोमिनिकन सिविल एविएशन इंस्टीट्यूट के मुताबिक, गल्फस्ट्रीम जी200 जेट ला रोमाना से अमेरिका के टेक्सास स्थित ऑस्टिन जा रहा था। उड़ान के दौरान विमान में गंभीर तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट ने इमरजेंसी घोषित की और एयरपोर्ट लौटने का फैसला किया।

अधिकारियों के अनुसार, विमान एयरपोर्ट से करीब 16 नॉटिकल मील दक्षिण-पश्चिम में था, जब उसने इमरजेंसी की सूचना दी।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में विमान को रनवे पर पीछे के पहियों के सहारे घिसटते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद विमान जोर से उछलता है और कुछ ही सेकेंड में आग के विशाल गोले में बदल जाता है। हादसे के बाद आसमान में धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने बताया कि विमान में कोई यात्री सवार नहीं था। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। शुरूआती जानकारी में तकनीकी खराबी को हादसे की वजह माना जा रहा है।

## टीएमसी विधायक मदन मित्रा की कार पर हमला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता**

कोलकाता के कमरहाटी में शनिवार रात टीएमसी विधायक मदन मित्रा की कार पर लोगों ने हमला कर दिया। अरियादाहा इलाके में यह घटना उस समय हुई, जब विधायक दौरा करने गए थे। स्थानीय रहवासियों ने चोर-चोर के नारे लगाते हुए विधायक की कार पर अंडे फेंके। ये लोग कटमनी के रूप में दिए गए पैसे वापस करने की मांग कर रहे थे। घटना का एक वीडियो वायरल है।

इधर, हालांकि टीएमसी नेता ने बाद में दावा किया कि हमले के वक्त वे गाड़ी में नहीं थे। मदन मित्रा ने आरोप लगाया कि उनके ड्राइवर पर हमला किया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कमारहाटी के वार्ड नंबर 14 के एक पार्षद के घर के बाहर एक मीटिंग चल रही थी। जहां ऑटो-रिक्शा और ई-रिक्शा चलाने वाले कई लोग इकट्ठा हुए थे। इन लोगों की मांग थी कि सालों से कटमनी के रूप में दिया गया पैसा वापस किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय नेताओं पर अवैध वसूली का आरोप लगाया और उनके खिलाफ नारेबाजी की।



उज्जैन
सोमवार
08
जून, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

**एकेनापि सुवर्ण पुष्पितेन सुगन्धिता।**
**वसितं तद्वनं सर्वं सुपुत्रेण कुलं यथा॥**

**अर्थः** जिस प्रकार वन में सुन्दर खिले हुए फूलोंवाला एक ही वृक्ष अपनी सुगन्ध से सारे वन को सुगन्धित कर देते है उसी प्रकार एक ही सुपुत्र सारे कुल का नाम ऊंचा कर देता है।

## खबर एक नजर...

### कचरे के ढेर में मिला नवजात का क्षत-विक्षत शव

**इंदौर।** इंदौर के खजराना थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक कॉलोनी के पास कचरे के ढेर में नवजात का शव मिला। शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में पड़ा था और उसके आसपास आवारा कुत्ते घूम रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। टीआई मनोज सेंधव के मुताबिक सुबह एफआरवी को सूचना मिली थी कि झुग्गी बस्ती के पास एक नवजात का शव पड़ा हुआ है। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शव को वहां से हटाकर एमवाय अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शव के आसपास कुत्ते घूम रहे थे। टीआई सेंधव के मुताबिक मृत नवजात 6 से 7 माह का प्री-मैच्योर बच्चा प्रतीत हो रहा है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि नवजात को वहां किसने और किन परिस्थितियों में फेंका। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और क्षेत्र के लोगों से पूछताछ की जा रही है। कुछ दिन पहले एमवाय अस्पताल के बाथरूम में भी इसी तरह एक नवजात का शव मिला था। हालांकि घटना को एक सप्ताह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस और अस्पताल प्रशासन शव फेंकने वाले तक नहीं पहुंच पाया है। बताया जा रहा है कि जिस स्थान के पास नवजात का शव मिला था, वहीं एमवाय अस्पताल का सोनोग्राफी विभाग भी स्थित है, जहां बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की जांच होती है।

### तैयारियों को दिया अंतिम रूप:9 जून से ब्रिक्स कृषि सम्मेलन

**इंदौर।** इंदौर में 9 से 13 जून तक होने वाले ब्रिक्स कृषि सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के लिए सुरक्षा, आवागमन, आवास, स्वच्छता, यातायात, चिकित्सा और स्वागत-सत्कार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। रेसीडेंसी में हुई उच्चस्तरीय बैठक में व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। सम्मेलन कृषि नवाचार, खाद्य सुरक्षा, कृषि अनुसंधान, सतत कृषि विकास, आधुनिक तकनीकों और किसानों की आय बढ़ाने जैसे विषयों पर केंद्रित रहेगा। आयोजन के दौरान तकनीकी सत्र, विशेषज्ञ चचाएं, प्रस्तुतियां और अनुभव साझा करने के कार्यक्रम होंगे। बैठक में एमडी मंडी कुमार पुरुषोत्तम, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, किसान कल्याण विभाग के उप सचिव रोहित सिसोनिया सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को आयोजन स्थलों पर सभी सुविधाओं का समयबद्ध परीक्षण कर जिम्मेदारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए।

### इंदौर में मोबाइल शॉप में लाखों की चोरी

**इंदौर।** इंदौर के विजयनगर में एक मोबाइल व्यापारी की दुकान में शनिवार-रविवार की रात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश यहां से करीब 50 मोबाइल, एसेसरीज और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। विजयनगर पुलिस ने अभिषेक तिवारी निवासी गोल्डन फार्म, निरंजनपुर की शिकायत पर चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। अभिषेक ने बताया कि शेखर टावर में उनकी मोबाइल जोन नाम से दुकान है। शनिवार रात वह दुकान बंद करके घर गए थे। रविवार सुबह जब वह वापस आए तो देखा कि शटर के ताले टूटे पड़े थे। दुकान के अंदर से करीब 50 मोबाइल फोन, पावर बैंक सहित कई एसेसरीज और लगभग 41 हजार रुपए कैश गायब थे। इसके बाद अभिषेक तिवारी थाने पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### टैटू आर्टिस्ट की संदिग्ध मौत, दोस्त बुलाकर ले गए थे, पुलिस ने शुरू की जांच

**इंदौर।** इंदौर के छोटी ग्वालटोली इलाके में रहने वाले एक टैटू आर्टिस्ट की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार ने उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि दोस्त इसे सड़क दुर्घटना बता रहे हैं। पुलिस दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम योगेश (34) पुत्र छोटू सिलावट है, जो टैटू आर्टिस्ट था। परिजनों ने बताया कि शनिवार शाम करीब 6 बजे योगेश के पास उसके दोस्त जीवन का फोन आया था। उसने योगेश को मिलने के लिए बुलाया और अपने साथ ले गया। रात करीब 10 बजे जीवन, योगेश के घर पहुंचा और उसके छोटे भाई को सूचना दी कि योगेश घायल हो गया है। इसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और योगेश को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि योगेश के सिर, हाथ और पैरों पर चोट के निशान थे। दोस्तों ने बताया कि वह गाड़ी से गिर गया था, लेकिन परिवार का कहना है कि उसके साथ मारपीट की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। योगेश के परिवार में एक बहन, छोटा भाई और पिता हैं। उसके पिता मकान ठेकेदारी का काम करते हैं।

## बैजनाथ महादेव मंदिर कुंड में अब नहीं दिखेगा शुभता का प्रतीक विशाल कछुआ

# करीब 200 वर्ष उम्र की मादा कछुआ छोटा कुंड में मृत मिली

### कुछ दिन पूर्व कमलकुंड से वन विभाग ने 7 कछुआ निकालकर मोतीसागर तालाब में छोडे थे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



आगर-मालवा जिला मुख्यालय पर स्थित भगवान बैजनाथ महादेव मंदिर परिसर में स्थित छोटे कुंड के निवासी करीब 200 वर्ष का विशालकाय मादा कछुआ अब कभी श्रद्धालुओं को दिखाई नहीं देगा। भगवान के दर्शनों के बाद यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु आस्था एवं शुभता के प्रतीक इस कछुआ के दर्शन भी यहां करते थे। मादा कछुआ शुक्रवार को कुंड में मृत मिली है। पोस्टमार्टम के बाद उसे वन विभाग ने विभागीय प्रक्रिया के तहत अंतिम संस्कार किया है।

एसडीओ वन फतेहसिंह निनामा के अनुसार शुक्रवार को एसडीएम राजस्व एवं तहसीलदार की सूचना पर वन विभाग का अमला बैजनाथ महादेव मंदिर परिसर पहुंचा था। यहां छोटे कुंड में कछुआ पानी की सतह पर निष्क्रिय अवस्था में मिला था। कछुआ को बाहर निकाल कर पशु चिकित्सक के पास ले जाने पर उन्होंने उसे मृत घोषित कर दिया । नियमानुसार कछुआ का पोस्टमार्टम करवाया गया मादा कछुआ करीब 70-80 किलो वजन एवं करीब 150 से 200 साल उसकी उम्र का आंकलन किया गया।

#### विशालकाय कछुआ पहचान बन चुका था-

छोटे कुंड का यह कछुआ बैजनाथ महादेव मंदिर की पहचान बन चुका था। मंदिर आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक वर्षों से इसे देखकर शुभता की भावना रखते थे। इसके चलते यह आस्था का केंद्र भी था। कुछ समय पूर्व कमलकुंड के कछुआ को पकडकर मोती सागर तालाब में छोडने के दौरान श्रद्धालुओं ने धार्मिक आस्था और भावनाओं के चलते इस वृद्ध कछुए को कुंड में ही रहने दिया गया था। बाद में उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाने की योजना भी बनाई गई थी। लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

#### 15 दिन पूर्व 7 कछुआ को हटाया गया

एसडीओ निनामा करीब 15 दिन पहले मंदिर परिसर के कमलकुंड से हमने 7 कछुआ को पकडकर मोतीसागर तालाब में छोडा था। कुंड की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण ऐसा किया गया था। उसी समय में हमारे द्वारा दुसरे छोटे कुंड के इस कछुआ को भी पकडकर छोडने की कवायद की जा रही थी जिस पर मंदिर के पंडित ने आपत्ति ली थी। यहां तक की कुंड का पानी बदलने की बात भी कही गई थी। इसके चलते कछुआ को वहीं पर छोड दिया गया था।

#### पशु चिकित्सक के अनुसार प्राकृतिक मौत

बकौल पशु चिकित्सक अरविंद महाजन मेरे पास वन विभाग का अमला विशालकाय मादा कछुआ को मृत अवस्था में लेकर आए थे। करीब 70 किलो वजनी मादा कछुआ थी। विश्लेषण के आधार पर उसकी उम्र 150 से 200 साल के लगभग रही है। कछुआ की मौत नेचुरल रही है। उसके शरीर के अंग काफी नाजुक स्थिति में आ गए थे। उसकी सेंपलिंग की गई है।

## निगम में अब यूनिपोल घोटाला

# 11 करोड़ के राजस्व नुकसान का आरोप, ईओडब्ल्यू को शिकायत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**



शहर में बेतरतीब तरीके से लगाए जा रहे यूनिपोल, लॉलीपॉप मीडिया यूनिट और अन्य आउटडोर विज्ञापनों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। अब इसकी शिकायत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) तक पहुंच गई है।

नगर निगम के विज्ञापन विभाग में कथित तौर पर 11 करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान के आरोप हैं। मामले में जांच के लिए ईओडब्ल्यू ने निगम से आउटडोर मीडिया पॉलिसी-2017 की प्रति सहित विज्ञापन ठेकों से संबंधित पूरी फाइल, टेंडर प्रक्रिया, नियमों और संबंधित अधिकारियों की जानकारी तलब की है।

शिकायत है कि लॉलीपॉप मीडिया यूनिट (छोटे यूनिपोल) और यूनिपोल के माध्यम से विज्ञापन स्थलों के आवंटन में नियमों का पालन नहीं किया गया, जिससे निगम को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ। हाल ही में निगम द्वारा सात वर्ष की अवधि के लिए किए गए विज्ञापन ठेकों को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

ईओडब्ल्यू ने निगम के मार्केट विभाग से दो प्रमुख निविदाओं से जुड़े सभी दस्तावेज मांगे हैं। इनमें प्रशासनिक स्वीकृति, निविदा शर्तें, नोटशीट, निविदाकारों द्वारा जमा किए गए दस्तावेज व स्वीकृत निविदा की संपूर्ण फाइल शामिल है। जांच एजेंसी यह भी पड़ताल कर रही है कि विज्ञापन स्थलों के आवंटन और संचालन में निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किया गया था या नहीं।

ईओडब्ल्यू ने निगम से यह जानकारी भी मांगी है कि लॉलीपॉप मीडिया यूनिट और यूनिपोल कब स्थापित किए गए। इनके पूर्व ठेकेदार कौन थे और उनकी अवधि क्या थी। टेंडर प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों, टेंडर समिति के सदस्यों और संबंधित कर्मचारियों के नाम व उनकी वर्तमान पदस्थापना का ब्योरा भी मांगा है। सूत्रों के अनुसार निगम ने हाल ही में 7 साल के लिए टेंडर निकाले हैं, जिसे लेकर लगातार निगम को शिकायतें मिली हैं।

#### छोटे आकार के विज्ञापन, निगम को देते हैं आय

लॉलीपॉप मीडिया यूनिट सड़क किनारे लगाए जाने वाले छोटे आकार के विज्ञापन पोल होते हैं। इन्हें डिवाइडर, चौराहों और प्रमुख मार्गों पर स्थापित किया जाता है। इन पर व्यावसायिक विज्ञापन प्रदर्शित किए जाते हैं और इनके माध्यम से नगर निगम राजस्व अर्जित करता है।

## विधायक समर्थक शेंडगे के घर-दफ्तर पर पथराव



### कुत्ते को खाना खिलाने पर बवाल भाजपा के दो गुट भिड़े, 7 पर केस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में शनिवार रात घर के बाहर ओटले पर कुत्तों को खाना खिलाने व गंदगी छोड़ देने से शुरू हुए विवाद ने रविवार को तूल पकड़ लिया। सुबह से देर रात तक जमकर विवाद व हंगामा हुआ।

हालात यह बने की तीन थानों का पुलिस बल लगाने के बावजूद घटनाक्रम में शामिल भाजपा नेता के घर व दफ्तर पर जमकर तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने मामले में भाजपा नेता वीरेंद्र शेंडगे सहित सात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। शेंडगे विधायक मालिनी गौड़ से जुड़ा हुआ है। वहीं दूसरा गुट भी भाजपा के ही एक संगठन से जुड़ा हुआ है। दरअसल, घटनाक्रम की शुरूआत शनिवार रात उस समय हुई जब शेंडगे के घर व दफ्तर के नीचे मीतेश कुत्तों को खाना खिलाने पहुंचा था, लेकिन घर के सामने गंदगी फैलाने का आरोप लगाते हुए शेंडगे व साथियों ने उसके साथ मारपीट की। मीतेश के पिता मुकेश पंवार वहां पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। बीच बचाव करने आई मीतेश की पत्नी के साथ भी हाथापाई की गई। रविवार सुबह दूसरे पक्ष के लोग महिलाओं से मारपीट पर भड़क गए।

## दोस्त ने मोबाइल विवाद में युवक की हत्या की

### शराब पार्टी के दौरान सिर दीवार में मारा और गला दबाकर उतारा मौत के घाट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

बाणगंगा थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध मौत का मामला अब हत्या में बदल गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि युवक की हत्या उसके ही दोस्त ने की थी। घटना वाली रात दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान मोबाइल में आईडी चलाने की बात को लेकर विवाद हो गया और गुस्से में आरोपी ने पहले युवक का सिर दीवार में दे मारा, फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक 3 जून को सूचना मिली थी कि ऋषि नगर निवासी 33 वर्षीय रोहित पुत्र गोपाल सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। शुरूआती जांच में मामला अधिक शराब पीने से हुई मौत का माना जा रहा था, लेकिन मौके पर रोहित के गले पर दबाव के निशान मिले। वहीं शव के पास किसी अन्य व्यक्ति की चप्पल भी पड़ी मिली थी।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा, जहां डॉक्टरों ने पुष्टि की कि मौत गला दबाने से हुई है। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

#### शराब पार्टी के दौरान हुआ विवाद

मृतक के पिता गोपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि घटना वाली रात रोहित का दोस्त देवेन्द्र पुत्र संतराम उमर (32) निवासी दुर्गानगर उसके घर आया था। दोनों ने साथ बैठकर शराब पी थी। रात में वह सो गए थे और उन्हें यह पता नहीं चला कि देवेन्द्र कब वहां से चला गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर देवेन्द्र को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। एसआई सीमा मुवेल की पूछताछ में वह पहले बहाने बनाता रहा, लेकिन बाद में टूट गया। आरोपी ने बताया कि मोबाइल में आईडी चलाने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद बढ़ने पर उसने रोहित का सिर दीवार में दे मारा और फिर गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। फिलहाल पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार रोहित पीओपी लगाने का काम करता था और परिवार के साथ ऋषि नगर में रहता था। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला था। घटना के समय उसकी गर्भवती पत्नी मायके गई हुई थी, जबकि मां बिहार में रिश्तेदारी में शोक कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। घर में केवल पिता मौजूद थे, जो रात में सो गए थे।

# पान दुकान में चोरी के आरोपी पकड़ाए

### दोस्त के साथ मिलकर नाबालिग ने की थी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी; पुलिस कर रही पूछताछ

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**



इंदौर के भंवरकुआ थाना क्षेत्र में खंडवा नाका स्थित एक पान दुकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके नाबालिग साथी को हिरासत में लिया गया है। दोनों के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है।

भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक 6 जून की सुबह खंडवा नाका स्थित कर्णावत पान दुकान में चोरी की वारदात सामने आई थी। बदमाश दुकान का टीन शेड तोड़कर अंदर घुसे और विभिन्न ब्रांड की महंगी सिगरेट, गुटखा पाउच, लाइटर सहित अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए थे। सुबह दुकान खोलने पहुंचे कर्मचारियों ने दुकान का सामान बिखरा देखा और इसकी जानकारी संचालक को दी। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को की गई।

टीआई संतोष दूधी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान आरोपियों के चेहरे और उनकी बाइक का नंबर पुलिस के हाथ लगा। इसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जीतू उर्फ राइडर निवासी कमल नगर, मूसाखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ शामिल एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सिगरेट, गुटखा पाउच, लाइटर और अन्य सामान बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार चोरी गए माल की कीमत करीब 4 लाख रुपए है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जीतू उर्फ राइडर पूर्व से आपराधिक प्रवृत्ति का है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि आरोपी से अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों ने शौक और मौज-मस्ती के लिए इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 12 घंटे के भीतर पकड़ लिया।

## बातचीत बंद करते ही कॉलेज छात्रा को धमकाने लगा आरोपी, कुंवारा बनकर इंस्टाग्राम पर की दोस्ती

# इंदौर में बोला-बात नहीं करोगी को आत्महत्या का फंसा दूंगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**




बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक कॉलेज छात्रा के साथ छेड़छाड़ और परेशान करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक छात्रा की पहचान इंस्टाग्राम के जरिए सिद्धार्थ पुत्र रामकिशोर पचोरे निवासी स्कीम नंबर-78 से हुई थी। करीब एक सप्ताह बाद दोनों की मुलाकात हुई और बातचीत बढ़ने लगी। इसी दौरान आरोपी ने छात्रा से शादी करने की बात कही, जिस पर छात्रा ने हामी भर दी।

करीब छह माह पहले छात्रा को पता चला कि सिद्धार्थ पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। इस पर छात्रा ने उससे सवाल किया तो आरोपी ने पत्नी को तलाक देने की बात कही। इसके बाद छात्रा ने उससे बातचीत बंद कर दी। आरोप है कि बातचीत बंद होने के बाद आरोपी छात्रा को परेशान करने लगा। वह आत्महत्या की धमकी देकर उसे फंसाने की बात कहता था। साथ ही छात्रा के परिवार वालों को मैसेज भेजकर भी परेशान कर रहा था।

#### स्कूली छात्रा से छेड़छाड़, आरोपी ने हाथ पकड़ा

इधर पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा की शिकायत पर राजा राठौर निवासी ग्राम माचला के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि वह स्कूल में पढ़ाई करती है। करीब 10 दिन पहले वह रात में सामान लेकर घर लौट रही थी।

इसी दौरान आरोपी ने उसे रोक लिया और मोबाइल नंबर मांगने लगा। आरोप है कि युवक ने उसका हाथ पकड़कर जबरदस्ती करने की कोशिश की। छात्रा किसी तरह हाथ छुड़ाकर घर पहुंची। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### रास्ते में रोककर दी धमकी

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी रास्ते में रोककर भी परेशान करता था। तीन दिन पहले शाम के समय जब वह घर से बाहर निकली तो आरोपी ने उसे रोक लिया और अपशब्द कहे। साथ ही धमकी दी कि वह उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा। इसके बाद छात्रा शनिवार को थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर एक नजर...

### चारभुजा नाथ मंदिर में सजी मेवा हिंडोला झांकी हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में नित्य उत्सव मनाए जा रहे हैं। प्रतिदिन सजने वाली उत्सव की झांकी के दर्शन कर हजारों श्रद्धालु धर्म लाभ ले रहे हैं। इसी श्रृंखला में मंदिर में मेवा हिंडोला उत्सव दर्शन की भव्य झांकी सजाई गई।

पंडित बृजभूषण दीक्षित द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात मनोरथी हर्ष और कमलेश मंत्री परिवार द्वारा भगवान की आरती की गई। इस अवसर पर पारिवारिक सदस्य कमलेश मंत्री और रेखा मंत्री ने भी आरती में सहभागिता की। आयोजन में आज के मनोरथी हर्ष मंत्री का जन्म दिवस होने पर चारभुजानाथ की आरती के पश्चात उपस्थित सभी भक्तों ने उनका सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं, निशा संजय (नट्टू) मूंदड़ा द्वारा अपनी पुत्री मौली के जन्मदिन के अवसर पर भगवान को खिचड़ी का भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन की आरती में मुख्य रूप से राजकुमार झंवर, सतीश काबरा, मनोज बजाज, द्वारकादास झंवर, सीमा कांसट, पूर्णिमा परवाल, रीता गट्टानी, ऊषा झंवर, कृतिका सुरजन (इंदौर), अलका भूतड़ा, महिमा गट्टानी और नीलम झंवर ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### भगवान महावीर के जयकारों के साथ निकली भव्य अहिंसा रैली, संस्कार शिविर के प्रतिभागी और विद्वान हुए सम्मानित

**उज्जैन।** विगत 6 दिनों से चल रहे वर्धमान बाल युवा संस्कार शिविर का समापन भव्य अहिंसा बाल रैली के साथ हुआ। रैली आदिनाथ जिनालय ऋषिनगर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए कालिदास मांटेसरी स्कूल ऋषिनगर पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में बालक-बालिकाएं जैन ध्वज थामे जैन धर्म और भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कालिदास मांटेसरी स्कूल में आयोजित समापन समारोह में अतिथियों द्वारा शिविरार्थियों, विद्वानों और सहयोगियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। वर्धमान ग्रुप के अध्यक्ष हितेष बड़जात्या और कोषाध्यक्ष आदिश विनायका ने बताया कि समारोह में क्षेत्रीय संयोजकों, क्लास कॉर्डिनेटर सहित भोजन व पूजन व्यवस्था संभालने वाले संयोजकों का सम्मान किया गया। शिविर में बच्चों को संस्कारित करने के लिए विभिन्न शहरों से पधारे विद्वान पंडित प्रकाश छाबड़ा इंदौर, अभिषेक जैन शास्त्री, प्रतीक जैन शास्त्री भिंड, मयंक शास्त्री छतरपुर, पण्डित अचिन्त्य पुजारी खनियाधाना और प्रिंस शास्त्री इंदौर का सम्मान किया गया। इसके पश्चात शिविर समारोह के आमंत्रणकर्ता स्नेहलता सोगानी, निर्मला जैन, अशोक चेतन राणा, कलावती, सुमित जैसवाल, विजय ममता पाटौदी और शैलेन्द्र संगीता जैन को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान मंच पर मुख्य रूप से आदिनाथ जिनालय ऋषिनगर के अध्यक्ष प्रमोद जैन, सचिव सुनील बड़गड़िया, कालिदास मांटेसरी स्कूल के अध्यक्ष माणकलाल गिरिया, यशवंत जैन, संजय पांड्या, पंकज जैन और मनोज पारिख आसीन थे। वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन पंकज रेणु जैन और सचिव राजेश नमिता लुहाड़िया ने बताया कि शिविर के सभी 6 लेवल में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिविरार्थियों को विशेष पुरस्कार दिए गए। इनमें लेवल 1 में मास्टर लक्षित जैन, लेवल 2 में पार्थ जैन, लेवल 3 में कु. आध्यात्मिका, लेवल 4 में कु. राशि जैन, लेवल 5 में ग्रन्थ जैन तथा लेवल 6 में सोनम जैन एवं सपना जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शेष बच्चों को उन्हीं की क्लास में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सभा का मंगलाचरण सभी क्षेत्रीय संयोजकों ने और संचालन ज्योति अवतंस जैन ने किया। सफल आयोजन के लिए शिविर प्रभारी प्रतीक चौधरी, विवेक जैन, सलिल जैन, अखिलेश जैन, धवल दोशी, महावीर जैन, अभिषेक बड़जात्या, हितेष बाकलीवाल, मनोज बाकलीवाल, तनु बड़जात्या, नमिता लुहाड़िया और खुशी विनायका ने समाजजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वार्ड 37 में 1.72 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

### निगम अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन, स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत बैक लाइन व वाटर कूलर का भी हुआ लोकार्पण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 37 में रविवार को लगभग 1 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत के विभिन्न निर्माण और विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया। क्षेत्रीय पार्षद एवं जोन 4 के अध्यक्ष सुरेंद्र मेहर के प्रयासों से वार्ड को मिली इन सौगातों का भूमिपूजन निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत बैक लाइन सौंदर्यीकरण और गर्मी से राहत के लिए वाटर कूलर का भी लोकार्पण किया गया।

समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुलाल जा और मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री विशेष रूप से उपस्थित थे।





### वार्ड में होंगे यह प्रमुख विकास कार्य

नगर निगम द्वारा विभिन्न मदों से स्वीकृत 1 करोड़ 72 लाख की राशि से क्षेत्र में कई बड़े कार्य किए जाएंगे। इनमें 54 लाख की लागत से विष्णुपूरा, माधव क्लब बस्ती और विवेकानंद सी सेक्टर में सीमेंट कंक्रीट सड़क व नाली निर्माण, 28 लाख से प्रकाश नगर नाला एवं क्रॉस ड्रेन निर्माण, 25 लाख से विष्णुपूरा स्थित सामुदायिक भवन में डोम निर्माण, 18 लाख से विभिन्न स्थानों व गलियों में डामरीकरण, 15 लाख से प्रकाश नगर व विष्णुपूरा में बेकलाइन सौंदर्यीकरण तथा 10 लाख रुपए से प्रकाश नगर में ब्लॉक निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके अलावा 8 लाख से नए विद्युत पोल व लाइटिंग, 5 लाख से वाटर कूलर स्थापना, 4 लाख से नवीन स्टील कुर्सियां लगाने, 3 लाख से स्पीड ब्रेकर और 2 लाख की लागत से पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाने के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर मंडल प्रभारी उमेश सेंगर, पंकज मिश्रा, जितेंद्र भाटी, संजय ठाकुर, जयप्रकाश जूनवाल, प्रकाश लोदवाल, सुशीला जाटव, शीला जाटवा, प्रेमलता बेडवाल, घनश्याम राठौर, दीपक बेलानी, गोपाल वाडिया, मनोज धवन, नितिन मेहर, योगेश जारवाल, यश गिरी, दुगार्लाल जाटव, जय बेडवाल, महेंद्र जाटव, महेंद्र अखंड, माया जाटवा, संगीता जाटवा, संतोष कोलवाल, कपिल टांक, नीरज निगम, मोनू धवन, सागर धवन, सुनील नवलानी, धर्मेंद्र बरुआ, प्रदीप तिवारी, नंदन चावड़ा, गौतम तलोड़िया, दीपक डोरवाल, अनिल शेर, आदित्य प्रजापत, बसंत परिहार, लक्ष्य धवन, गिरीश धवन, आयुष बना, तपन वासन, शुभम मरमत, निक्की धवन, संतोष यादव और विश्वनाथ भदौरिया सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

### मांगें पूरी नहीं हुई तो 1 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन करेंगे प्राध्यापक

# शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की साधारण सभा में बनी रणनीति, 15 जुलाई तक काली पट्टी बांधकर करेंगे कार्य

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में रविवार 7 जून को प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। संरक्षक डॉ. कैलाश त्यागी और प्रांताध्यक्ष डॉ. आनंद शर्मा के नेतृत्व में हुई इस बैठक में उच्च शिक्षा विभाग की निष्क्रियता और लचर कार्यप्रणाली को लेकर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। नाराज प्राध्यापकों ने चेतावनी दी है कि यदि 30 जून 2026 तक उनकी लंबित मांगों का निराकरण नहीं हुआ, तो 1 जुलाई से प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

संघ ने तय किया है कि मांगों के निराकरण के लिए शासन को जल्द ही एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। यदि तय समय-सीमा में सुनवाई नहीं होती है, तो प्रथम चरण में 1 से 15 जुलाई तक सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराएंगे और कार्य करेंगे। इसके साथ ही आंदोलन के सुचारु संचालन और आगामी रणनीति तय करने के लिए एक राज्य स्तरीय संघर्ष समिति के गठन का भी निर्णय लिया गया है।




वर्ष 2004 और 2005 में नियुक्त बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि नियुक्ति दिनांक से 2 वर्ष के भीतर समाप्त कर उन्हें कैरियर प्रोन्नति का लाभ दिया जाए। क्रीड़ा अधिकारियों और ग्रंथपालों को शिक्षक पदनाम के साथ पे-मैट्रिक्स 14 का लाभ दिया जाए। वर्ष 2017 में नियुक्त सहायक प्राध्यापकों को समय पर कैरियर प्रोन्नति का लाभ मिले। इसके साथ ही 2003, 2011 और 2017 में नियुक्त शेष सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि की परीक्षाएं शीघ्र समाप्त की जाएं। सेवानिवृत्त शिक्षकों के लंबित स्वत्वों का बिना किसी विलंब के तत्काल भुगतान किया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग के नियमानुसार हर तीन महीने में परामर्शदात्री समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाए। उज्जैन संभाग से इन प्राध्यापकों ने की सहभागिता इस प्रांतीय बैठक में उज्जैन संभाग की ओर से भी मजबूत प्रतिनिधित्व रहा। उज्जैन संभागाध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले और अनुसूचित जाति जनजाति प्राध्यापक संघ के प्रांतीय कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार मालवीय ने सक्रिय रूप से अपनी बात रखी। इनके अलावा उज्जैन संभाग से प्रो. इंदर सिंह परमार, डॉ. बी. एल. पांडे, प्रो. कैलाश मुजाल्दा, डॉ. बी. के. सोलंकी, डॉ. दिनेश निगवाल, डॉ. मनोज कनेरिया और डॉ. महेंद्र शर्मा सहित कई प्राध्यापक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन के बौद्ध स्थलों के विकास की मांग, मुख्यमंत्री के सलाहकार को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ कुंभ 2028 के मद्देनजर उज्जैन के ऐतिहासिक बौद्ध तीर्थ स्थलों के संरक्षण और विकास की मांग तेज हो गई है। भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश बौद्ध विरासत संगोष्ठी में उज्जैन बुद्धिस्ट सोसायटी द्वारा मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी को इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें विशेष रूप से वैश्य टेकरी स्तूप, सोढन और उन्डासा की उचित देखरेख एवं सुचारू संपर्क मार्ग सुनिश्चित करने की मांग की गई है। उज्जैन बुद्धिस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. हरिबाबू कटारिया और संरक्षक भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि इन क्षेत्रों की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। मध्य प्रदेश को वैश्विक पर्यटन व बौद्ध तीर्थयात्रा के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए 'एकीकृत मध्य प्रदेश बौद्ध विरासत सर्किट' विकसित करने पर भी जोर दिया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सांची, भरहुत, देउर कोठार, धमनार गुफाएं, उज्जैन और बाघ गुफाओं सहित प्रदेश के विभिन्न बौद्ध स्थलों के पुरातात्विक महत्व, संरक्षण और वैज्ञानिक दस्तावेजीकरण पर सार्थक चर्चा करना था।

आयोजन के दौरान 'भारतीय संतों पर थेरवाद बौद्ध धम्म की छाया' विषय पर चर्चा हुई और 'एंसिएंट बुद्धिज्म' पत्रिका के 13वें अंक का विमोचन किया गया। संगोष्ठी के आयोजक भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो रहे। मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार और वीर भारत न्यास मध्य प्रदेश के ट्रस्टी सचिव श्रीराम तिवारी ने स्वागत भाषण दिया। भारत-श्रीलंका फाउंडेशन के सहयोगी के रूप में भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो के नेतृत्व में बौद्ध भिक्षुओं के प्रतिनिधिमंडल ने भी इसमें भाग लिया।

### सिंधु सेना 8 जून से करेगी संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंधु सेना उज्जैन द्वारा पुरुषोत्तम मास अधिक मास के पावन अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्री मुकुंदाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से 8 जून से 14 जून तक प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक कथा का वाचन होगा। आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए समाजजनों की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें बताया गया कि कथा के प्रथम दिन 8 जून सोमवार को दोपहर 4 बजे सिंधी धर्मशाला से एक भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होगी, जो कथा स्थल झूलेलाल मंदिर के पास पहुंचेगी। बैठक में समाजजनों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई कथा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। पुरुषों में मुख्य रूप से संतोष लालवानी, राजकुमार परसवानी, किशोर मुलानी, गिरधारी लालवानी, रतनलाल काका, मोहन वासवानी, दीपक बेलानी, नरेश धनवानी, रितेश लालवानी, सुनील नवलानी, चंदीराम जेठवानी, विनोद मुलानी, लालू नागवानी, दीपक वाधवानी, राजेश कृष्णानी और वासु सोनी उपस्थित थे। रिंकू बेलानी, वीना परसवानी, रोशनी मुलानी, शोभा शर्मा, दीपा खत्री, डिंपल मुलानी, दीपा वासवानी, कांता रोचवानी, योगिता रोचवानी, रेशमा गंगवानी और ज्योति थानी सहित कई समाजजन मौजूद रहे।

### 3 से 21 वर्ष के युवा ले सकेंगे हिस्सा, 11 लाख रुपए रखा गया है ग्रैंड प्राइज

# रामायण पर आधारित क्विज शो कौन बनेगा ज्ञानरत्न का टीजर लॉन्च

### राष्ट्रीय महाकाल सेना के स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम, यूट्यूब पर होगा प्रसारण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति और भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़ने के लिए वाल्मीकि रामायण पर आधारित राष्ट्रीय ज्ञान प्रतियोगिता शो कौन बनेगा ज्ञानरत्न का महाकाल की नगरी से आगाज हुआ है। राष्ट्रीय महाकाल सेना के स्थापना दिवस पर आयोजित भजन संध्या के दौरान हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में इस शो का टीजर लॉन्च किया गया। शो के सूत्रधार पवन गहल्यान ने बताया कि यह प्रतियोगिता विशेष रूप से 3 से 21 वर्ष तक के युवाओं और बच्चों के लिए तैयार की गई है। इसमें वाल्मीकि रामायण से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे और सभी सही उत्तर देकर अंतिम चरण तक पहुंचने वाले प्रतिभागी को 11 लाख रुपए का ग्रैंड प्राइज दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। शो के पहले सीजन में 8 एपिसोड होंगे, जिनकी देशभर के चयनित प्रतिभागियों के साथ शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसका प्रसारण ह्यकौन बनेगा ज्ञानरत्नह्न के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा, जबकि टीवी और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारण के लिए भी चर्चा जारी है।



#### निर्माण और क्रिएटिव टीम

इस प्रोजेक्ट का निर्माण और क्रिएटिव विकास लेट्स वीएफएक्स स्टूडियोज के संस्थापक अंकित स्वामी एवं पुष्पित श्योराण के नेतृत्व में किया गया है। टीवी पर धार्मिक धारावाहिकों में भगवान राम सहित अहम भूमिकाएं निभा चुके प्रसिद्ध अभिनेता हिमांशु सोनी भी इस विशेष प्रोजेक्ट से जुड़े हुए हैं।

आयोजन से जुड़े नीरज भैया ने बताया कि यह सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं की सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का एक राष्ट्रीय प्रयास है। इसके जरिए नई पीढ़ी को वाल्मीकि रामायण के आदर्शों से जोड़ते हुए उनमें माता-पिता, गुरुजनों और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना विकसित की जाएगी। कार्यक्रम में पीआर एवं सपोर्ट पार्टनर के रूप में शामिल एडवोकेट आनंद यादव (गोविंदा) ने इसे सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह क्विज शो रामायण के ज्ञान, धर्म और भारतीय संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।

### अस्मिता बास्केटबॉल लीग में नीमच बना चैंपियन, इंदौर कॉर्पोरेशन उपविजेता

# महानंदा नगर एरिना में हुआ जूनियर बालिका वर्ग का फाइनल, उज्जैन कॉर्पोरेशन व एनबीए इंदौर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महानंदा नगर स्थित बास्केटबॉल एरिना में चल रही अस्मिता बास्केटबॉल लीग जूनियर बालिका वर्ग चैंपियनशिप का रविवार को रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ समापन हो गया। मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन कॉर्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल में नीमच जिले ने इंदौर कॉर्पोरेशन को 71-40 के अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। मेजबान उज्जैन कॉर्पोरेशन और एनबीए इंदौर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

एसोसिएशन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि फाइनल मुकाबले में नीमच की बालिकाओं ने शानदार खेल दिखाया। टीम की ओर से दिव्यल यादव, ऋतु, लक्षिता और शिवानी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं, इंदौर कॉर्पोरेशन की ओर से पावनी दुबे और साफिया ने भी अपने बेहतरीन खेल से प्रभावित किया। विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को संगठन की तरफ से मेडल, ट्रॉफी और आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से भी नवाजा गया। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शरद वाघमारे ने लक्षिता चौहान को ओवरऑल बेस्ट प्लेयर के पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके साथ ही पावनी दुबे को बेस्ट स्कोरर, अपराजिता चतुर्वेदी को अपकमिंग बेस्ट प्लेयर और तेजस्वी मांगरोले को बेस्ट डिफेंडर चुना गया। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रविश लड्ढा द्वारा एनबीए की खिलाड़ी मानवी एनिया को सर्वश्रेष्ठ रिबाउंडर का पुरस्कार दिया गया। वहीं उज्जैन की राष्ट्रीय खिलाड़ी वर्तिका करेल को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।




पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव थे, जबकि अध्यक्षता शैलेंद्र व्यास 'स्वामी मुस्कुराके' ने की। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी ज्योति शर्मा, प्रगति जैन, मनीषा पंवार, विनोद पांचाल, शैलेंद्र टाइट्स, मनीष धनौरिया, रविश लड्ढा, इशिका मांगरोले और सेजल डागर ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अर्चना टाइट्स ने किया तथा अंत में आभार संगठन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने माना।

# पारंपरिक रेखाओं से सहेजी संस्कृति, महिलाओं ने सीखी संस्कार भारती रंगोली

### वसंत विहार राम मंदिर परिसर में कार्यशाला आयोजित, प्रतिभागियों ने लिया विरासत को संरक्षित करने का संकल्प

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति और क्षत्राणी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में वसंत विहार राम मंदिर परिसर में संस्कार भारती रंगोली कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य पारंपरिक रेखाओं और चिन्हों के माध्यम से रंगोली कला को बढ़ावा देना तथा महिलाओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना था। कार्यशाला में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता कर इस कला की बारीकियां सीखीं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राशि जोशी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन समय में दिन की शुरूआत सूर्योदय के साथ रंगोली बनाकर की जाती थी। भारतीय परंपरा में रंगोली को सुख, समृद्धि और वैभव का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने संस्कार भारती रंगोली की विशेषताओं और उसके सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास करना भी था।

कार्यक्रम का संचालन मोना शिंदे ने किया। अतिथियों का स्वागत हेमा यादव ने किया तथा आभार चेतना कडेकर ने माना। आयोजन में वसंत विहार सांस्कृतिक मंच का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर राजेंद्र परब, मुकेश कुंभकार, अनिल रावतकर, सुरेंद्र सिंह बेस, हरीश, नरेंद्र चौरसिया, प्रकाश मधुस्कर, डॉ. महेश शर्मा, जगदीश कुमावत, प्रकाश जेठवानी, देवेंद्र राय देशमुख, स्नेहा खोपरकर, राजश्री कोपरकर, सपना देशपांडे, नेता बुरे, अमृता आगरकर, कीर्ति पटवर्धन, स्वामी पतले, शिल्पा मार्केटकर, हर्ष जोशी, माधुरी सहस्त्रबुद्धे और किरण अगस्तकर विशेष रूप से उपस्थित थे।

# एक वर्ष में बदली लोकोमोटिव केयर सेंटर की तस्वीर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल स्थित लोकोमोटिव केयर सेंटर (एलसीसी) रतलाम में पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए उद्यान पुनर्जीवन अभियान नेउल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। जून 2025 में पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर एलसीसी परिसर के उपेक्षित एवं जर्जर हो चुके उद्यानों को पुनर्जीवित कर उन्हें आकर्षक एवं पर्यावरण-अनुकूल स्वरूप प्रदान करने का संकल्प लिया गया था।

वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (डीजल) श्री मनोज छाबड़ा के कुशलमार्गदर्शन तथा अन्य अधिकारियों के निर्देशन में विभिन्न क्वालिटीयूनिटों के पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों ने इस संकल्प को मिशन के रूप में अपनाया। सुनियोजित प्रयासों, नियमित देखरेख एवं सतत निगरानी के परिणामस्वरूप मात्र एक वर्ष में ही परिसर की हरियाली, सौंदर्य और पर्यावरणीय गुणवत्ता में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस अभियान को निरंतर गति प्रदान करने के लिए पूरे वर्ष नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की व्यवस्था



की गई। उद्यानों के विकास कार्यों का आकलन करने हेतु प्रत्येक तिमाही में ऑडिट आयोजित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अनुभागों को प्रोत्साहन स्वरूप ट्रॉफियां प्रदान की गईं। इस पहल से कर्मचारियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हुई और सभी संबंधित अनुभागों ने अपने कार्यक्षेत्र को अधिक हरित एवं स्वच्छ बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि उद्यानों के विकास और रखरखाव का अधिकांश कार्य विभिन्न क्वालिटी यूनिटों के पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने नियमित दायित्वों के साथ-साथ किया गया। कर्मचारियों ने कार्यालयीन समय के दौरान उपलब्ध अवसरों का सदुपयोग करते हुए अपने-अपने उद्यानों की

रूपरेखा में रचनात्मक परिवर्तन किए। यह प्रयास न केवल उनकी कार्यनिष्ठा को दशार्ता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी संवेदनशीलता और समर्पण को भी प्रतिबिंबित करता है। अभियान के दौरान उद्यानों की फेंसिंग, प्रवेश द्वार, सजावटी संरचनाओं तथा सामग्रियों का पुनः उपयोग किया गया। इस प्रकार कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण की ₹ट्रिपल आर₹ अवधारणा– रिड्यूस, रियूज एवं रिसाइकिल को व्यवहारिक रूप में साकार किया तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। निरंतर मॉनिटरिंग, प्रभावी समन्वय और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी के फलस्वरूप एलसीसी परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर पौधारोपण एवं उद्यान विकास कार्य संपन्न किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में सजावटी, औषधीय तथा फलदार पौधों का रोपण किया गया तथा उनकी समुचित देखभाल सुनिश्चित की गई। लगाए गए प्रमुख पौधों में लिली, चंदन, पीपल, हरसिंगार, अपराजिता, अशोक और चंपा जैसे पौधे शामिल हैं।

## खबर एक नजर...



### मलेरिया जागरुकता रथ गांव गांव जाकर ग्रामीणों को सचेत कर रहा

खण्डवा। राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून माह को मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि मलेरिया रथ अभी तक ग्राम सिहाड़ा, ललवाड़ा, जावर, पिपल्याफुल, खुटफल, रनगांव, डोरानी, तलवाड़िया, कोलगांव, जामनी मूंदी, सैलानी, फतेहपुर एवं केहलारी के हाट बाजार, ग्राम खेड़ी, रजूर, मछौडी, जोगी बेड़ा, आशापुर, जामनी गुर्जर, मेंढ़ापानी, डाबिया, लंगोटी, पटाजन, रोशनी, बाराकुंड, उदयापुर, सांवलीखेड़ा, खालवा, संदलपुर, बखार, खार के हाट बाजार में पहुंच और वहां के ग्रामीणों को जागरूक किया। इसके साथ ही चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों के कारण, लक्षण, जांच और उपचार की विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा खण्डवा शहरी क्षेत्र में भी स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत टीम द्वारा घर-घर जाकर और सामुदायिक चौपालों के माध्यम से लोगों को सचेत किया जा रहा है।

### डॉक्टर्स ने जटिल ऑपरेशन कर प्रसूता अर्चना और उसके बच्चे की जान बचाई

खण्डवा। स्वास्थ्य विभाग के अमले के आपसी समन्वय और डॉक्टर्स के अथक प्रयासों से हाईरिस्क गर्भवती महिला और उसके नवजात शिशु की जान बचाई जा सकी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.डी. बकोरिया ने बताया कि खालवा विकासखण्ड के वनग्राम ढेमरिया गुलाई निवासी गर्भवती महिला अर्चना पति रोहित उम्र 20 वर्ष गंभीर सीवियर प्री-इक्लम्प्सिया अत्यधिक उच्च जोखिम वाली स्थिति से ग्रसित थी। डॉ. बकोरिया ने बताया कि गत दिनों वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुलाई के निरीक्षण के लिए गये तो गर्भवती महिला अर्चना की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्होंने महिला और उसके परिजनों की काउंसलिंग की और उन्हें स्थिति की गंभीरता को समझाते हुए तत्काल उच्च स्तरीय उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय खण्डवा लाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की टीम ने तुरंत उसका उपचार शुरू किया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. याचिका ने तत्काल सीजर करने का निर्णय लिया। डॉ. याचिका के साथ ही एनेस्थेटिक डॉ. दीक्षित व डॉ. अजेंद्र के अथक प्रयासों और सटीक उपचार से यह जटिल ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों की जान बचाने में सफलता मिली।

### मंत्री डॉ. विजय शाह ने विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया

खंडवा। प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह ने शनिवार को जिले के ग्राम खालवा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग १.२० करोड रुपए लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री दिव्यादित्य शाह भी मौजूद थे।इस अवसर पर संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्र में विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग के लोगों की सुविधा के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं। जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के साथ साथ निशुल्क गणवेश, निशुल्क पुस्तकें, निशुल्क साइकिल जैसी अनेक सुविधाएं दी जा रहे हैं, ताकि वे शिक्षा से वंचित न रहें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिव्यादित्य शाह ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश के विकास की गति बढ़ी है। प्रदेश में किसानो और मजदूरों की आय भी बढ़ी है, जिससे उनके परिवारों में खुशहाली आई है।

### देपालपुर में प्रस्तावित बेदखली कार्रवाई पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

देपालपुर। देपालपुर-बिरगोदा मार्ग चौड़ीकरण के लिए प्रस्तावित अतिक्रमण हटाओ अभियान पर फिलहाल न्यायिक रोक लग गई है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायमूर्ति राजेश कुमार अग्रवाल ने देपालपुर के लगभग 65 परिवारों से जुड़े मामले में अगली सुनवाई तक यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 8 जून (सोमवार) को निर्धारित की गई है। जानकारी के अनुसार संबंधित भूमि को शासकीय बताते हुए राजस्व प्रशासन द्वारा बेदखली की कार्रवाई प्रारंभ की गई थी। प्रभावित परिवारों को नोटिस जारी कर ५ जून को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी। इसी के विरुद्ध प्रभावित पक्षों ने उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की। सुनवाई के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि मामले में आवश्यक जानकारी प्राप्त किए जाने के लिए 3 जून को भी समय लिया गया था। इसके बाद 5 जून को भी शासन की ओर से आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रकरण को आगे रखने का अनुरोध किया गया।

### शिवना शुद्धिकरण अभियान में श्रमदानियों ने किया सफाई कार्य

मन्दसौर। विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में चल रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के 128वें दिन रविवार को श्रमदानियों ने नदी में उतरकर सफाई की। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण नालों के ओवरफ्लो होने से नदी के किनारों पर भारी मात्रा में प्लास्टिक कचरा जमा हो गया था।मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने बताया कि श्रमदानियों ने नदी से गाद, गंदगी और एक ट्रॉली प्लास्टिक कचरा निकालकर उसे उचित स्थान पर पहुँचाया। उन्होंने नगरवासियों से प्रति रविवार प्रातः 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान करने की अपील की। इस रविवार को हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, सुरेश मालवीय सहित कई समाजसेवियों, कांग्रेस कार्यकताओं और रफत पयामी, सोनाली जैन, इष्टा भाचावत जैसी महिला नेत्रियों ने उत्साहपूर्वक अभियान में भाग लिया।

### बीड़ी देने से मना करने पर युवक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के दलौदा में शनिवार रात एक चाय की दुकान पर बीड़ी मांगने को लेकर हुए मामूली विवाद में एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, कुमारवाड़ा निवासी 23 वर्षीय विजय नाथ पर सिराज नामक व्यक्ति ने बीड़ी देने से इनकार करने पर चाकू से वार कर दिया, जिससे विजय के हाथ में गहरा घाव हो गया और उसे अस्पताल में 7 से 8 टांके आए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी अनुसार पुलिस ने आरोपी सिराज को हिरासत में ले लिया है व पूरे मामले में जांच शुरू कर दी है।

### श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता का संसार मे अन्य कोई सानी नहीं

नीमच। शहर के स्कीम नंबर ३६ में चल रही भागवत कथा में आज समापन के दिन विशेष भजन के साथ आध्यात प्रवचन संपन्न हुये द्य जिसमें सुदामा प्रसंग पर उपस्थित भक्त मुग्ध हो गए द्य कृष्ण सुदामा के मित्रता का संसार में कोई सानी नहीं है। सुदामा ने जीवन पर्यंत दरिद्रता और गरीबी को अपना लिया था, लेकिन कृष्ण से कभी नहीं कहा कि वह उनकी सहायता करें, सुदामा स्वाभिमानी थे, कृष्ण ने भी समय - आने पर अपना ऋण उतार दिया और सुदामा को दो लोक की खुशियों का राज दे दिया था। यह बात कथा वाचिका अनन्या शर्मा ने कही। वे सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में ग्वालियर चंबल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा के अंतिम दिवस बोल रही थी। उन्होंने कहा कि कृष्ण और सुदामा की मित्रता में अमीरी गरीबी की , दीवार नहीं थी।

### टी इ टी में किसी की शिक्षक की नौकरी नहीं जाने देंगे

रतलाम। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय निर्देशानुसार जिला शाखा रतलाम की बैठक शासकीय जवाहर प्राथमिक विद्यालय राम मंदिर पर आयोजित हुई। बैठक में संभागीय सह संगठन मंत्री सर्वेश कुमार माथुर के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुई। सर्वेश कुमार माथुर ने गुरू छाया प्रकल्प पर अपने विचार रखे व आगामी गुरू पूर्णिमा व हरियाली अमावस्या पर वृक्षारोपण की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। जिला सचिव जितेंद्र सिंह चौहान कहा कि ने गुरूवंदना कार्यक्रम ब्लांक व तहसील स्तर पर आयोजित करने व एक बड़ा कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित करने विषयक चर्चा की।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

नीमच। विश्व पर्यावरण दिवस 6 जून के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा वीनू वाटिका, जवाहर नगर नीमच में सुबह 8 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच के जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में केंद्र सरकार के सुशासन एवं जनकल्याण के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून पर्यावरण दिवस से लेकर 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक पेड़ मां के नाम तहत वृक्षारोपण किया।

## धर्म दिखावे का नहीं, स्वयं के भीतर महसूस करने का नाम -मुनिश्री प्रणम्यसागरजी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

दिगम्बर जैन मुनि अर्हं योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्यसागरजी महाराज का 11 वर्षों बाद संघ सहित मंदसौर आगमन हुआ। रविवार प्रातः बोतलगंज गांधी हर्बल से पद विहार शुरू होकर महावीर द्वार चौराहा पहुँचा, जहाँ बैंडबाजों, ढोल और हाथी-घोड़ों के साथ विशाल जनसैलाब ने अगवानी की। सकल जैन समाज द्वारा मुनिश्री का पाद प्रक्षालन कर पूजन आरती की गई। शोभायात्रा में महिला मंडल सिर पर मंगल कलश लिए आगे चल रही थी और पूरा मार्ग रंगोलियों से सजाया गया था। तार बंगला मंदिर परिसर के पंडाल में मुनिश्री और चारों ऐलक महाराज विराजित हुए।

मुनिश्री ने प्रवचन में आत्मिक व मानसिक शांति के लिए च्ऊँ अर्हं नमःज मंत्र के जाप की प्रेरणा दी और कहा कि धर्म के मर्म को समझें क्योंकि धर्म दिखावे का नाम नहीं,धर्म तो स्वयं के भीतर महसूस करने का नाम है।

मुनिश्री ने अपने प्रवचनों के दौरान बताया पंच परमेष्ठी की पंचमुद्राओं के साथ योगाभ्यास का बीजारोपण मंदसौर से हुआ था, योग शारीरिक व्यायाम ना रह जाए,यह आत्मा के साथ जुड़े, क्योंकि अर्हं योग मानसिक शांति का कारक है। मुनिश्री ने कहा ध्यान के बिना योग अधूरा है, अर्हं योग से हर आत्मा परम आत्म तत्व की ओर उन्मुख हो सकती है। इससे पूर्व नमन जैन व चिन्मय कियावत ने प्रोजेक्टर से अर्हं योग की 10 वर्षीय यात्रा दिखाई, जो 14 देशों के 10 लाख श्रद्धालुओं तक पहुँच चुकी है। धर्मसभा की शुरूआत में मंगलाचरण के बाद राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विजय सुराणा, सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन सहित अन्य अतिथियों ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के चित्र का अनावरण व दीप प्रज्वलन किया। मंच संचालन डॉ. चंदा भरत कोठारी ने किया।

### कृति के चित्रकला प्रशिक्षण शिविर में बच्चों के चित्रों की प्रदर्शनी के साथ शिविर संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

कृति संस्था के सात दिवसीय निशु ल्क चित्रकला प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर बच्चों ने अपने द्वारा सीखी कला का प्रदर्शन प्रदर्शनी के माध्यम से किया। उनके द्वारा बनाए गए लगभग 100 से अधिक चित्रों को प्रदर्शित किया गया द्य जिसे उपस्थित अतिथियों सहित अभिभावकों एवं उपस्थित लोगों ने सराहा । समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंचल के ख्यात चित्रकार राहुल लोहार ने कृति संस्था की चित्रकला प्रतियोगिताओं को अपनी चित्रकला का आधार बताते हुए कहा कि वे बरसों बाद कृति संस्था के बीच आकर अभीभूत हूँ। कार्यक्रम के विशेष अतिथि जिला प्रेस क्लब नीमच के अध्यक्ष श्याम गुर्जर ने कहा कि कृति बाल प्रतिभाओं को निखारने का जो कार्य कर रही है वह सरहानीय है। संस्था इसी तरह साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में कार्य करती रहे यही मेरी शुभ कामना है । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गायत्री परिवार के जिला समन्वयक गिरिराज सिंह चौहान ने कहा कि कृति संस्था हमारे साहित्य और संस्कृति के विकास व संरक्षण में अच्छा काम कर रही है। संस्था द्वारा चित्रकला प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए हमारे परिसर का उपयोग संस्था के लिए गर्व की बात है। कृति के अध्यक्ष ओम प्रकाश चौधरी ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में ५० बच्चों ने ७ दिन तक मन लगाकर जो कुछ सीखा वह चित्र प्रदर्शनी के रूप में आपके सामने हैं 7 इस वर्ष संस्था द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

### राक्षसों को बिरयानी खिलाने से बेहतर उन्हें मार दिया जाए - स्वामी चिदम्बरानन्दजी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

महामण्डलेश्वर स्वामी चिदम्बरानन्द सरस्वतीजी महाराज ने कहा है कि भगवान का अवतार और लीलाएं मुख्यतः धर्म संस्थापना, सज्जनों की रक्षा और आतताईयों के नाश के लिए होती है । धर्मभूमि भारत पर भगवान ने समयानुकूल अवतार लेकर धरती को धर्म और देशद्रोहियों के अत्याचारों से मुक्त किया है । युद्ध के मैदान में भगवान श्री कृष्ण ने धर्म की रक्षा का शंखनाद करते हुए अधर्म का अंत किया । भगवान के गीताज्ञान से प्रेरणा लेकर आज बदलते समय में इन्ही आततांईयों के नाश के तरीके बदले है लेकिन सबसे बेहतर यही है कि देश, धर्म, संस्कृति, अखण्डता के लिए खतरा बनने वाले राक्षसों को बिरयानी खिलाने से बेहतर उन्हें मार दिया जाए । इस कार्य को आज बेहतर तरीके से अंजाम से देकर हमारी सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत की एकता-अखण्डता को चुनौती देने वालों को बक्शा नहीं जायेगा । उनका उनके ही घर में घुसकर अंत किया जायेगा ।

## पेट्रोल-डीजल और महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

देश में लगातार बढ़ती पेट्रोल, डीजल, घरेलू रसोई गैस की कीमतों, खाद्य सामग्रियों के दामों में उछाल और बिजली के स्मार्ट मीटर से बढ़े हुए बिलों के विरोध में मन्दसौर में शहर कांग्रेस अध्यक्ष ईष्टा भाचावत और मन्दसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सरकार की आर्थिक नीतियों को जनविरोधी करार देते हुए नारेबाजी की।विरोध प्रदर्शन की शुरूआत भारत माता चौराहे से हुई, जहाँ से कांग्रेस कार्यकताओं ने एक रैली निकाली। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए घंटाघर तक पहुंची।



प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि गलत नीतियों के कारण आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने मांग की कि बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस ली जाएं और जनता पर पड़ रहे अतिरिक्त आर्थिक बोझ को कम किया जाए। इस प्रदर्शन में डॉ. प्रीतिपाल सिंह राणा, सुरेंद्र कुमावत, दिलीप देवड़ा, अम्बालाल हिंगोरिया, महेश गुप्ता, अजय मारू, लियाकत नीलगर, विजय मारू, पंकज जोशी, संजय बारेट, सुनील बसेर, विजय जैन, संजय नाहर, मनोहर नाहटा, आमीन खान, विजय सिसोदिया, रविंद्र कुमावत, विश्वनाथ सोनी, मनोहर गुर्जर, राखी सत्रावाला, सुनीता बंडी, साबीर इलेक्ट्रिक, रमेश सेठिया, योगेंद्र जोशी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कंजार्डा पुलिस ने 6 दिनों में चोरी गया ट्रैक्टर बरामद किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया एवं अनुविभागीय अधिकारी मनासा सुश्री निकिता सिंह के मार्गदर्शन में, संपत्ति संबंधी अपराधों एवं चोरों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना प्रभारी मनासा श्री निलेश अवस्थी व चौकी प्रभारी कंजार्डा उपनिरीक्षक श्री श्याम कुमावत के नेतृत्व में चौकी कंजार्डा पुलिस द्वारा ट्रैक्टर ढूंढ निकालने में एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

*घटना का संक्षिप्त विवरण- फरियादी के लाल रंग का मेसी फर्गुसन 1035 ट्रैक्टर को अज्ञात बदमाश दिनांक 27-28 मई 2026 की दरमियानी रात्रि में चोरी कर ले गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर दिनांक 1 जून 2026 को थाना मनासा में अपराध क्रमांक 268/26 धारा 303 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना



के दौरान मुखबिर तंत्र की मदद से चौकी कंजार्डा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अजय पिता गोपाल, जाति धाकड़, उम्र २१ वर्ष, निवासी चौकड़ी, थाना मनासा को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी मनीष पिता गोपाल प्रजापत निवासी बलकुंडी थाना जावदा जिला चित्तौड़गढ़ के साथ मिलकर उक्त ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी मनीष की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा दबिश दी जा रही है।

बरामदगी- मेसी फर्गुसन 1035 ट्रैक्टर (कीमती करीबन 8 लाख रुपये) शत-प्रतिशत बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त की गई एक एक्सट्रीम मोटरसाइकिल (कीमती करीबन एक लाख 50 हजार रुपये) भी जब्त की गई है। पुलिस व साइबर टीम के संयुक्त प्रयास से कुल 9 लाख 50 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया गया है।

### म .प्र. शिक्षक संघ रतलाम की बैठक में शिक्षकों के कई मुद्दों एवं निराकरण पर हुई चर्चा

रतलाम। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय निदेर्शानुसार जिला शाखा रतलाम की बैठक शासकीय जवाहर प्राथमिक विद्यालय राम मंदिर पर आयोजित हुई। बैठक में संभागीय सह संगठन मंत्री सर्वेश कुमार माथुर के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुई। सर्वेश कुमार माथुर ने गुरू छाया प्रकल्प पर अपने विचार रखे व आगामी गुरू पूर्णिमा व हरियाली अमावस्या पर वृक्षारोपण की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। जिला सचिव जितेंद्र सिंह चौहान कहा कि ने गुरूवंदना कार्यक्रम ब्लांक व तहसील स्तर पर आयोजित करने व एक बड़ा कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित करने विषयक चर्चा की। जिला संगठन मंत्री बी एल मडोतिया ने आगामी सदस्यता अभियान को लेकर जिला ,ब्लाक,व तहसील का लक्ष्य निर्धारण कर कार्ययोजना बनाई।

# बुरहानपुर में मिलावटी खाद्य पदार्थों पर कड़ी कार्रवाई, 17 सैंपल फेल, 6 प्रतिष्ठानों पर 1.30 लाख का जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत अलग-अलग प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए थे। भोपाल लैब की रिपोर्ट में 17 सैंपल फेल पाए गए हैं। इनमें कुछ सैंपल गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे, जबकि कुछ में पैकिंग और लेबल से जुड़ी गड़बड़ियां मिलीं।



### 17 मामलों की कोर्ट में सुनवाई, 6 पर लगा जुर्माना

जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सभी 17 मामले एडीएम कोर्ट में पेश किए गए हैं। इनमें से छह प्रतिष्ठानों पर कुल 1 लाख 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जबकि बाकी मामलों की सुनवाई जारी है। जिन प्रतिष्ठानों पर जुमार्ना लगाया गया है, उनमें शामिल हैंः - नेपानगर की सई नमकीन पर घी के सैंपल के लिए 20 हजार रुपये - मंडी बाजार की न्यू हरिओम डेयरी पर दूध के लिए 20 हजार रुपये
- फेमस दूध डेयरी पर मावा के लिए 30 हजार रुपये
- नितिन होटल पर धनिया के लिए 30 हजार रुपये
- अरुण दूध डेयरी पर दूध के लिए 25 हजार रुपये
- योगेश्वर दूध डेयरी पर दूध के लिए 5 हजार रुपये

आजाद नगर के ए-1 जलेबी सेंटर का हलवा, एसबी किराना का सोयाबीन तेल, प्रतापपुरा की दत्त डेयरी का दूध, हरि गोपाल फूड प्रोडक्ट का सोयाबीन तेल, डेढ़तलाई के जायसवाल किराना का सरसों तेल, जीटी प्रोडक्ट का पान मसाला और सिंधीपुरा गेट स्थित वीरेंद्र आइसक्रीम की आइसक्रीम।

वहीं नेपानगर के ट्रैफिक जाम होटल का मावा रोल, असीरगढ़ के रामकृष्ण मिडवे का नमकीन और नेपानगर के प्रकाश होटल का मावा पेड़ा भी जांच में नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बुरहानपुर जलेबी व नमकीन सेंटर के खिलाफ बिना लाइसेंस कारोबार करने का मामला भी दर्ज किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश डावर ने बताया कि जांच में फेल पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और नियम 2011 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मेगा अपार दिवस के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को विशेष कैंप

ब्रह्मास्त्र ›› जावरा

विकासखंड में 1 जून से 30 जून तक ₹मेगा अपार दिवस₹ का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को विकासखंड के समस्त जन शिक्षा केंद्र एवं संकुल केंद्रों पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुरलीधर बोरासी व खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक रूपेश नरोटे द्वारा बताया गया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण एवं अद्यतन कार्य को गति प्रदान करना है। कैंप के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को अपार आईडी के महत्व, उपयोगिता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी जाएगी। राजेश भावसार, महावीर भंडारी, मुकेश राठौर व मनोज यादव ने माह के प्रथम शनिवार को शासकीय हाईस्कूल काटजू, शासकीय उमावि कमला नेहरू एवं हाईस्कूल रोजाना जन शिक्षा केंद्र मे आयोजित कैंप का अवलोकन किया।

## सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के बाद भी फिक्स चार्ज की मार झेल रहा उपभोक्ता

ब्रह्मास्त्र ›› आलोट

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और बिजली बिल से पूरी तरह मुक्ति पाने के लिए लाखों रुपये खर्च कर अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने वाले उपभोक्ताओं को करारा झटका लग रहा है। सरकार और बिजली कंपनियों के बड़े-बड़े दावों के विपरीत, सोलर प्लांट लगाने के बाद भी उपभोक्ताओं को हर महीने एक मोटी रकम 'फिक्स चार्ज' के रूप में चुकानी पड़ रही है। हाल ही में लागू हुए नए टैरिफ और स्मार्ट मीटर के नियमों के बाद यह समस्या और गंभीर हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है।

अकेले आलोट इस क्षेत्र में सेकंडों उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग की सब्सिडी योजनाओं और जीरो बिल' के विज्ञापन देखकर 70 हजार से लेकर 2 लाख तक खर्च करके ऑन-ग्रिड सोलर सिस्टम लगवाए हैं। ऑन-ग्रिड सिस्टम में उपभोक्ता दिन के समय बनने वाली अतिरिक्त बिजली ग्रिड को भेजता है और रात में ग्रिड से बिजली लेता है। महीने के अंत में दोनों का मिलान कर बिल बनता है। उपभोक्ताओं का सोचना था कि जितनी बिजली वे विभाग को दे रहे हैं, उससे उनका बिल शून्य हो जाएगा। लेकिन वास्तविकता इसके उलट है। बिजली विभाग ऊर्जा खपत तो शून्य कर देता है, लेकिन लोड चार्ज के आधार पर लगने वाला फिक्स चार्ज, मीटर रेंट, टैक्स और अन्य सेस ज्यों के त्यों वसूल रहा है। सोलर उपभोक्ता डॉ सुनील चोपड़ा ने बताता कि हालात कितने खराब हैं। उन्होंने कहा, ₹मेरे यहां ३ किलोवाट का सोलर एक साल पहले लगा है, लेकिन बिल हमेशा बढ़कर ही आ रहा है। नियत प्रभार के नाम से हर माह बिल में अधिक राशि ली जा रही है। इस बार अकेले 1800 नियत प्रभार के जोड़ दिए। वहीं इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी और फ्यूल चार्ज भी जोड़कर कुल बिल 8042 का बना दिया है। सोलर से जनरेशन हो रही है, फिर भी इतना बिल क्यों?₹

अभिभाषक विमल जैन ने बताया कि ₹बिजली बचत के लिए 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया था। लाखों रुपए खर्च किए। सोचा था बिल कम आएगा, पर इस बार ?८५७३ का बिल आ गया।

इसी प्रकार उपभोक्ता पंकज निगम, विष्णु सोनी ने भी बतलाया की हमने ३ किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया लेकिन प्रति माह लगने वाले फिक्स चार्ज की वजह से हमें हर माह अतिरिक्त रुपए बल के रूप में देना पड़ रहे हैं जिससे सरकार की इस योजना का सीधा फायदा हमें नहीं मिलकर मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी को अधिक मिलता दिख रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, फिक्स चार्ज बिजली की खपत का नहीं, बल्कि उपभोक्ता तक बिजली पहुंचाने वाले बुनियादी ढांचे का होता है। इस मामले में सहायक अभियंता अमित पाटीदार का कहना है, ₹नियत प्रभार तथा अन्य प्रभार इंपोर्ट यूनिट के हिसाब से लगता है। सभी चार्ज एमपीईआरसी के टैरिफ ऑर्डर के अनुसार हैं। नियत प्रभार कनेक्शन लोड पर तय होता है। उसके बाद भी यदि किसी उपभोक्ता को कोई शिकायत है तो लिखित में दें, हम उसकी जांच करवा सकते हैं।



## सरस्वती शिशु मंदिर बने सामाजिक चेतना का केन्द्र

मन्दसौर। ग्राम भारती जिला मन्दसौर द्वारा संचालित नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग-2026 के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर माल्या खेरखेड़ा में एक विमर्श सत्र आयोजित किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता ग्राम भारती मालवा के कोषाध्यक्ष और अवंतिका प्रकाशन न्यास के सचिव धनसिंह धनगर थे। कार्यक्रम में ग्राम भारती मंदसौर के अध्यक्ष प्रभूलाल धनौरा, वर्ग पालक सुखलाल आंजना और वर्ग संयोजक बगदीरामदास बैरागी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री धनगर ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि समाज में संस्कार और राष्ट्रीय चेतना जगाने का माध्यम है। उन्होंने विद्यालय, परिवार और समाज के बीच मजबूत समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए आचार्यों से विद्यालय को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने की बात कही। प्रशिक्षणार्थियों ने इस विषय पर गहन चर्चा की और कार्यक्रम का सफल संचालन वर्ग संयोजक बगदीरामदास बैरागी ने किया।।

## आदिवासी विवाहित महिला को शादी का झांसा देकर बंधक बनाने और दुष्कर्म का मामला दर्ज

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

जिले के नेपानगर में एक आदिवासी विवाहित महिला को शादी का झांसा देकर गुजरात ले जाने और वहां १५ दिन तक बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर नेपानगर पुलिस ने शनिवार देर रात आरोपी समीर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और एससी/एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस मामले को लेकर तीन दिन पहले हिंदू संगठनों नेपानगर थाने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन भी किया था।

पीड़िता ने अपने पति, सास और जेठ के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई। महिला ने बताया कि वह भील आदिवासी समाज से है, उसकी शादी ८ साल पहले हुई थी और उसके तीन बच्चे हैं। करीब ३ से ४ महीने पहले उसकी पहचान आरोपी समीर से हुई थी। बातचीत बढ़ने के बाद आरोपी ने उसे शादी का झांसा देना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि समीर उसे बार-बार अपने पति को छोड़कर शादी करने के लिए उकसाता था। आरोपी को महिला के भील आदिवासी होने की पूरी जानकारी थी, इसके बावजूद उसने अपनी पहचान छिपाकर महिला को गुमराह किया और विश्वास में ले लिया।

पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने पहले उससे नजदीकियां बढ़ाई और फिर 17 मई 2024 को उसे बस से गुजरात ले गया। गुजरात के एक गांव में आरोपी ने उसे लगभग १५ दिनों तक बंधक बनाकर रखा। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी ने एक सुनियोजित साजिश के तहत महिला को प्रेमजाल में फंसाकर उसका शोषण किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि गुजरात में बंधक रहने के दौरान आरोपी समीर ने उसके साथ 10 से 15 बार जबरन दुष्कर्म किया। जब उसने विरोध किया, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकियां भी दीं।

## आरव बाफना ने नेशनल चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

मन्दसौर। अहमदाबाद में 31 मई से 4 जून तक आयोजित 15 वीं मॉडर्न पेंटाथलॉन नेशनल चैंपियनशिप में मंदसौर के लोटस वैली स्कूल के छात्र आरव बाफना ने राष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की है। नीलेश के. बाफना के सुपुत्र आरव ने अंडर 13 कैटेगरी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बायथले और ट्रायथले इवेंट्स (रनिंग, स्विमिंग और शूटिंग) में दो रजत पदक जीतकर मंदसौर और मध्य प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। आरव की इस शानदार उपलब्धि पर स्कूल के प्रभु सर, सुधा मैम, नीलेश सर, आयुष सर, रोहित सर, अभिषेक सर और समीर सर ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मंदसौर में त्रिदिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ संपन्न

मन्दसौर। विश्व गीता प्रतिष्ठानम मंदसौर एवं गांधी नगर कॉलोनी के संयुक्त तत्वावधान में विक्रम संवत 2083 के अधिक ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी से षष्ठी क दास बालाजी मन्दिर परिसर में त्रिदिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ के मुख्य वक्ता गीता मनीषी आचार्य डॉ. विष्णु नारायण तिवारी (ग्वालियर) थे, जिन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के कर्मयोग, ज्ञानयोग एवं भक्तियोग की सरल व्याख्या की। उन्होंने समापन पर निष्काम कर्म को जीवन का सार बताते हुए इसे व्यावहारिक जीवन में उतारने का आह्वान किया। अंतिम दिन प्रातःकाल अखंड गीता पाठ और सामूहिक हवन हुआ, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों सहित अनेक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश रघुवीर प्रताप सिंह चुंडावत ने अतिथियों का अभिनंदन किया और मंदसौर के गीता स्वाध्याय मंडल के पुनर्गठन की घोषणा की, जिसमें सुरेश शर्मा को संयोजक और चंद्रपाल सिंह को गीता स्वाध्याय प्रमुख सहित अन्य को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। उज्जैन, इंदौर और विदिशा से आए संस्था के पदाधिकारियों ने भी इस अवसर पर मार्गदर्शन और प्रेरक विचार प्रस्तुत किए।


## खाती खेड़ा में पाइपलाइन डालने से क्षतिग्रस्त रोड का कार्य प्रारंभ हुआ



नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा गत दिवस भगवानपुरा ग्राम पंचायत के ग्राम खाती खेड़ा में आयोजित जन समस्या निराकरण शिविर में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में जल निगम द्वारा त्वरित कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। महाप्रबंधक श्री धीरेंद्र बिजोरिया ने बताया कि ग्राम में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई आंतरिक सड़कों के सुधार कार्य एवं बचे हुए शेष रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। खाती खेड़ा एवं आसपास के तीनों गांवों में ग्रामीणों की मांग पर यह कार्य हाथ में लिया गया है। जन समस्या निराकरण शिविर में ग्रामीणों द्वारा पाइपलाइन कार्य से क्षतिग्रस्त सड़कों की समस्या रखी गई थी, जिस पर कलेक्टर द्वारा जल निगम को तत्काल सुधार कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। निदेर्शों के परिपालन में जल निगम ने बिना विलंब कार्य शुरू कर दिया है।

# टाईम पास

## अंतर ढूंढो...



## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. जनमत-4
4. सचेत, सजग-4
7. सहयात्री, संगी-5
9. रुपया, पैसा-2
11. छोटी सवारी गाड़ी-2
12. घ्राणेंद्रिय-2
13. बेकार-3
15. झुका हुआ-2
16. वसंत काल-3
17. टिड्डा-3
18. अन्वेषण, ढूंढना-2
19. जलने की प्रक्रिया-3
21. एक विदेशी शराब-2
23. कला, हुनर-2
24. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2
25. आत्मबलिदानी-5
29. करामात-4
30. नामसूची-4

**ऊपर से नीचे**
1. पूजा, प्रार्थन-4
2. मार्ग, पथ-2
3. यमराज, मृत्युदेवता-2
4. स्वच्छ-2
5. दूल्हा, वरदान-2
6. द्वेष, ईर्ष्या-4
8. तमीज, तहजीब-3
10. सेंधमार-5
11. चुगली करना-5
13. देवर्षि-3
14. रसद, खाद्य सामग्री-3
18. भयानक, डरावना-4
20. अक्षर (उर्दू-3)
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर की फिल्म-5
25. तेज, सत्य-2
26. ईश्वर, भगवान-2
27. रुदन, क्रंदन-2
28. मोमबत्ती (उर्दू-2)

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | | 20 | | 30 | | 40 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 25 | | 15 | | 15 | | 30 | = | 55 |
| | | | | | | | | |
| 23 | | 2 | | 23 | | 2 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 25 | | 20 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 13 | | 35 | | 47 | | 0 | = | 25 / 1 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | ल | ए | अ | ला | तु | र | द |
| द | ह | ल | प्रे | व | वु | स | द | ह | कां | इ |
| र | स | म | म | दी | छ | ल | आ | र्म | ञ | क |
| इं | स | ल | द | दि | वा | स | ख | ल | श | क |
| डि | आ | दो | ग | न | ज | ना | प | णा | ङ्ग | इ |
| य | बा | द | र | दि | ग | उ | र | ण | दे | क |
| ती | व | ग | मी | या | प | र | भ | वां | द | को |
| सां | ए | ऊ | पु | द | व | क | णी | ए | श | ल्हा |
| क | ग | ल | प | र | जी | स | री | औ | प | पु |
| क | ग | ली | प | लि | जी | त | ऐ | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | य | र्धा | प | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | 6 | 4 | | 1 |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| | 2 | 6 | 3 | | 1 | |
| 1 | 29 | | 37 | | 35 | 5 |
| | 1 | | 4 | 3 | 5 | |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| 5 | | 1 | 4 | | | 7 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ

भालू




### डोमिनिकन रिपब्लिक में प्राइवेट जेट क्रैश, रनवे पर आग का गोला बना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ला रोमाना

डोमिनिकन रिपब्लिक के ला रोमाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश के दौरान विमान रनवे पर उछला और देखते ही देखते आग के बड़े गोले में बदल गया। हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई। डोमिनिकन सिविल एविएशन इंस्टीट्यूट के मुताबिक, गल्फस्ट्रीम जेट ला रोमाना से अमेरिका के टेक्सास स्थित ऑस्टिन जा रहा था। विमान में गंभीर तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट ने इमरजेंसी घोषित की और एयरपोर्ट लौटने का फैसला किया। अधिकारियों के अनुसार, विमान एयरपोर्ट से करीब 16 नॉटिकल मील दक्षिण-पश्चिम में था, जब उसने इमरजेंसी की सूचना दी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में विमान को रनवे पर पीछे के पहियों के सहारे घिसटते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद विमान जोर से उछलता है और कुछ ही सेकेंड में आग के विशाल गोले में बदल जाता है। हादसे के बाद आसमान में धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने बताया कि विमान में कोई यात्री सवार नहीं था। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती जानकारी में तकनीकी खराबी को हादसे की वजह माना जा रहा है।

### इंडोनेशिया-मलेशिया तक अलर्ट

# फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप, कई बिल्डिंग्स गिरीं:एक की मौत; 3 मीटर ऊंची सुनामी की चेतावनी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ फिलीपींस

फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। इसके बाद फिलीपींस, इंडोनेशिया और मलेशिया के तटीय इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और एक व्यक्ति की मौत हुई है।

भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के जनरल सैंटोस शहर से करीब 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। फिलीपींस के भूकंप संस्थान के अनुसार इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी, जबकि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने 7.8 तीव्रता और 55 किलोमीटर गहराई दर्ज की। पैसिफिक सुनामी वार्निंग सेंटर ने चेतावनी दी है कि फिलीपींस के कुछ तटीय इलाकों में 3 मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। वहीं इंडोनेशिया और मलेशिया के कुछ तटों पर 1 मीटर तक ऊंची लहरों का खतरा है।

भूकंप के बाद कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। जनरल सैंटोस शहर में कई मकान और इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। राहत और बचाव अभियान जारी है। प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से तुरंत ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भूकंप के बाद तेज झटके आ सकते हैं। फिलीपींस दुनिया के सबसे भूकंप प्रभावित देशों में शामिल है। यह प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' क्षेत्र में स्थित है, जहां अक्सर भूकंप और ज्वालामुखीय गतिविधियां होती रहती हैं।

## किस तीव्रता का भूकंप कितना खतरनाक

| रिक्टर स्केल | असर |
|---|---|
| 0 से 1.9 | सिर्फ सिस्मोग्राफ से ही पता चलता है। |
| 2 से 2.9 | हल्का कंपन। |
| 3 से 3.9 | कोई ट्रक आपके नजदीक से गुजर जाए, ऐसा असर। |
| 4 से 4.9 | खिड़कियां टूट सकती हैं। दीवारों पर टंगी फ्रेम गिर सकती हैं। |
| 5 से 5.9 | फर्नीचर जैसा भारी सामान तक हिल सकता है। |
| 6 से 6.9 | इमारतों की नींव दरक सकती है। ऊपरी मंजिलों को नुकसान हो सकता है। |
| 7 से 7.9 | इमारतें गिर जाती हैं। जमीन के अंदर पाइप फट जाते हैं। |
| 8 से 8.9 | इमारतों सहित बड़े पुल भी गिर जाते हैं। |
| 9 या उससे ज्यादा | पूरी तबाही। कोई मैदान में खड़ा हो तो उसे धरती लहराते हुए दिखेगी। समंदर नजदीक हो तो सुनामी का खतरा। |

*भूकंप में रिक्टर पैमाने का हर स्केल पिछले स्केल के मुकाबले 10 गुना ज्यादा ताकतवर होता है।*

### उत्तर कोरिया अब सिर्फ चीन के भरोसे नहीं:पुतिन-किम जोंग की नजदीकी से जिनपिंग की चिंता बढ़ी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग/प्योंगयांग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते उत्तर कोरिया के दौरे पर जाएंगे और वहां किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के सरकारी मीडिया के मुताबिक यह यात्रा 8 से 9 जून तक होगी। जिनपिंग ने इससे पहले 2019 में प्योंगयांग का दौरा किया था। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब कुछ हफ्ते पहले ही जिनपिंग ने बीजिंग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मेजबानी की थी। रूस और चीन दोनों ही उत्तर कोरिया की विदेश नीति में बेहद अहम भूमिका निभाते हैं।

कुछ साल पहले तक उत्तर कोरिया पर चीन का दबदबा था, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद रूस और उत्तर कोरिया की नजदीकी बहुत ज्यादा बढ़ गई है। यानी कि अब उत्तर कोरिया सिर्फ चीन के भरोसे नहीं है। चीन, उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा आर्थिक और राजनीतिक साझेदार है। उत्तर कोरिया अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम और मानवाधिकार उल्लंघनों के आरोपों के कारण लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा है। ऐसे में चीन उसके लिए सबसे अहम सहारा बना हुआ है। चीन और उत्तर कोरिया के बीच करीब 1,400 किलोमीटर लंबी सीमा है। दोनों देशों के बीच रक्षा संधि भी है, जो चीन को किसी भी देश के साथ एकमात्र सैन्य संधि है। इस समझौते के तहत यदि किसी एक देश पर हमला होता है तो दूसरा उसकी मदद करेगा।

# इजराइल ने पलटवार किया, तेहरान-तबरीज को निशाना बनाया; तेहरान में एयरस्पेस बंद

### सीजफायर के बाद ईरान का इजराइल पर पहला मिसाइल अटैक:

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/तेहरान

ईरान ने अप्रैल में हुए सीजफायर के बाद पहली बार इजराइल पर मिसाइल हमला किया है। ईरान के सरकारी मीडिया के मुताबिक, रविवार रात इजराइल की ओर मिसाइलें दागी गईं। हमले के बाद इजराइल के कई इलाकों में सायरन बजे और लोगों को बंकरों में जाना पड़ा। इजराइली सेना ने दावा किया कि ज्यादातर मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर लिया गया। हालांकि उत्तरी इजराइल में कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं।

इसके कुछ घंटों बाद इजराइल ने ईरान में जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी। इजराइली सेना ने कहा कि उसने पश्चिमी और मध्य ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

ईरानी समाचार एजेंसी फार्स के मुताबिक, तेहरान, तबरीज और इस्फहान में कई विस्फोट हुए। दावा किया कि इजराइल ने हमलों में एयर-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। हमलों के बाद ईरान ने राजधानी तेहरान के इमाम खोमैनी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के आसपास का एयरस्पेस बंद कर दिया। इराक ने 72 घंटे और सीरिया ने 12 घंटे के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने का फैसला लिया है।



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से तत्काल बड़े जवाबी हमले से बचने को कहा था। हालांकि इसके बावजूद इजराइल ने ईरान में सैन्य कार्रवाई की।

ईरान और इजराइल के बीच यह ताजा टकराव ऐसे समय हुआ है जब दोनों देशों के बीच सीजफायर को लेकर पहले से ही तनाव बना हुआ था।

इससे कुछ घंटे पहले इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हमले किए थे, जिनमें दो लोगों की मौत और 20 लोग घायल हुए थे। यह हमला ऐसे समय हुआ जब लेबनान और इजराइल की सरकारें अमेरिकी मध्यस्थता में सीजफायर पर सहमत हुई थीं, लेकिन हिजबुल्लाह ने समझौते को खारिज कर दिया था।

#### सीजफायर पर संकट

अप्रैल में हुए सीजफायर के बाद पहली बार ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमला किया। जवाब में इजराइल ने सोमवार तड़के पश्चिमी और मध्य ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले किए। तेहरान, तबरीज और इस्फहान में धमाकों की खबरें हैं।

### ईरान, इराक और सीरिया ने एयरस्पेस बंद किया

तनाव बढ़ने के बाद ईरान ने पश्चिमी हिस्से का एयरस्पेस अगली सूचना तक बंद कर दिया। इराक ने 72 घंटे और सीरिया ने 12 घंटे के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट में अंतरराष्ट्रीय जहाजों के लिए खतरा बने दो ईरानी ड्रोन को मार गिराया गया। लगातार दूसरे दिन अमेरिका ने ऐसे ड्रोन गिराने का दावा किया है।

ईरान ने कहा कि अमेरिका के बार-बार बदलते रुख के कारण वार्ता आगे नहीं बढ़ रही। तेहरान ने एक बार फिर यूरेनियम संवर्धन के अधिकार और विदेशों में फ्रीज अरबों डॉलर की संपत्तियां जारी करने की मांग दोहराई।

अमेरिकी वीजा प्रतिबंधों के कारण ईरान की फुटबॉल टीम को अमेरिका में सिर्फ मैच खेलने की अनुमति मिलेगी। टीम को मैच के दिन ही अमेरिका छोड़ना होगा, इसलिए उसने अपना ट्रेनिंग बेस एरिजोना की जगह मेक्सिको में बनाया है।

ट्रम्प ने कहा है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पास अमेरिका और ईरान के बीच होने वाले किसी भी समझौते को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।

### दावा- इजराइल ट्रम्प सरकार की जासूसी करा रहा

# बर्नर फोन का इस्तेमाल कर रहे अमेरिकी अधिकारी; इजराइल बोला- आरोप झूठे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका और इजराइल के बीच ईरान को लेकर मतभेद बढ़ रहे हैं। इस बीच अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) के भीतर यह चिंता बढ़ गई है कि इजराइल अमेरिकी अधिकारियों और ट्रम्प सरकार की अंदरूनी जानकारी जुटाने के लिए जासूसी की कोशिश कर रहा है।

न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक दो मौजूदा और एक पूर्व अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि पेंटागन की डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी ने हाल ही में इजराइल से जुड़े काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाकर 'क्रिटिकलहाई' कर दिया है। यह एजेंसी का सबसे गंभीर अलर्ट माना जाता है।

अमेरिका और इजराइल जैसे बेहद करीबी सहयोगियों के बीच ऐसा होना बेहद असाधारण माना जाता है। हालांकि इजराइल ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। इजराइली दूतावास का कहना है कि वह अमेरिकी अधिकारियों की जासूसी नहीं करता और उसकी खुफिया एजेंसियां सहयोगियों नहीं, बल्कि दुश्मनों पर नजर रखती हैं।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान। तस्वीर सितंबर 2025 की है।



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान। तस्वीर सितंबर 2025 की है।

#### फोन-कम्प्यूटर का इस्तेमाल नहीं करते अधिकारी

काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाने का सबसे ज्यादा असर उन अमेरिकी अधिकारियों पर पड़ सकता है जो इजराइल की यात्रा करते हैं या इजराइली अधिकारियों के साथ सीधे संपर्क में रहते हैं। हालांकि अमेरिका और इजराइल के बीच खुफिया जानकारी साझा करने का सहयोग फिलहाल जारी रहेगा।

एक अमेरिकी अधिकारी ने को बताया कि अमेरिका पहले से ही अपने सीनियर अधिकारियों की इजराइल यात्रा के दौरान खास सावधानी बरतता है। इजराइल में रह रहे अमेरिकी अधिकारी अपने फोन-लैपटॉप का इस्तेमाल करने से बचते हैं। वे बर्नर फोन (इस्तेमाल कर फेंक दिए जाने वाले फोन) और खास कम्प्यूटर का इस्तेमाल करते हैं।

कई बार वे होटल के कमरों या ऐसी जगहों पर संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करने से भी बचते हैं, जहां निगरानी का खतरा हो सकता है। इसकी वजह यह है कि इजराइली खुफिया एजेंसियां जानकारी जुटाने के मामले में काफी आक्रामक मानी जाती हैं।

# मणिपुर के उखरूल में असम राइफल्स का विरोध, बंकर तोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मणिपुर

मणिपुर के उखरूल जिले के शोक्वाओ और न्यू हेवन इलाके में रविवार सुबह सैकड़ों महिलाएं असम राइफल्स के जवानों और वाहनों के आगे दीवार बनकर खड़ी हो गईं। मशालें, लाठियां लिए ये तंखूल नगा महिलाएं जवानों को आगे नहीं बढ़ने दे रही थीं। सैन्य अधिकारियों ने चेतावनी दी। इसके बावजूद वे डटी रहीं और ग्रहमारी जमीन, हमारा अधिकारब नारे लगाती रहीं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, जवानों ने पुलिस और मजिस्ट्रेट की गैरमौजूदगी में कई राउंड हवाई फायर किए और लाठीचार्ज किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं से धक्का-मुक्की भी की गई। हालांकि सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में जवानों ने यह दावा किया है कि विरोध कर रही महिलाओं ने उन पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की। रिपोर्ट्स में एक प्रदर्शनकारी के पैर पर गोली लगने का दावा किया गया। वहीं, 22 महिलाएं घायल हो गईं। इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक, शोक्वाओ गांव की महिलाओं ने न्यू हेवन की ओर बढ़ रहे काफिले को शनिवार देर रात ही रोक लिया था। इससे रातभर तनाव रहा। सुबह होते ही एक समूह ने शोक्वाओ पर ब्लॉकेड बनाया, तो दूसरे ने न्यू हेवन में सुरक्षा बल का बंकर ध्वस्त कर दिया।आरोप है कि असम राइफल्स ने शोक्वाओ की विलेज अथॉरिटी की सहमति के बिना न्यू हेवन में अस्थायी बंकर बनाया। यह मणिपुर (हिल एरियाज विलेज अथॉरिटीज) एक्ट, 1956 व आर्टिकल 371सी के तहत गांव के कस्टमरी लॉ का उल्लंघन है। घटनाक्रम के बाद से शोक्वाओ-न्यू हेवन में हालात तनावपूर्ण हैं। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि असम राइफल्स को तुरंत वापस बुलाया जाए, वरना अप्रिय घटना की जिम्मेदारी असम राइफल्स की होगी। सीआरपीएफ डीजी जीपी सिंह ने मणिपुर में तैनात जवानों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि नागरिक इलाकों में सक्रिय सशस्त्र मिलिटेंट्स के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करें। गौरतलब है कि दो कोबरा बटालियन यहां जल्द आने वाली हैं।

# ट्रम्प ने भारत में बाइक चलाने का AI-वीडियो शेयर किया:शेर की सवारी करते दिखे




**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक अकजनरेटेड वीडियो शेयर किया। करीब एक मिनट के इस वीडियो में ट्रम्प कभी भारत की सड़कों पर बाइक चलाते दिखते हैं, तो कभी शेर की सवारी करते नजर आते हैं।**

वीडियो में ट्रम्प के कई अलग-अलग अवतार दिखाए गए हैं। उन्हें रेगिस्तान में ऊंट पर बैठे, पैराग्लाइडिंग करते और स्पेससूट पहनकर चांद पर अमेरिकी झंडा लगाते हुए भी दिखाया गया है। इतना ही नहीं, उनका चेहरा पिज्जा, बस, हॉर्डिंग, माउंट रशमोर और नॉर्दर्न लाइट्स पर भी नजर आता है।

वीडियो के बैकग्राउंड में एक गाना चलता है, जिसके बोल ट्रम्प की तारीफ पर केंद्रित हैं। इसमें बार-बार कहा जाता है कि दुनिया भर के लोग ट्रम्प को पसंद करते हैं और उनका समर्थन करते हैं।

### वीडियो में भारत से लेकर चीन तक का जिक्र

वीडियो के गाने में दावा किया गया है कि मेक्सिको, मिडिल ईस्ट, चीन और भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में लोग ट्रम्प को पसंद करते हैं। महज एक मिनट लंबे वीडियो में 'ट्रम्प' शब्द 45 बार और 'डोनाल्ड' नाम 29 बार सुनाई देता है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एवरीबडी लव्स डोनाल्ड ट्रम्प' नाम का यह गाना ट्रुथ सोशल पर 'Ac132' नाम के यूजर ने बनाया था। वीडियो के आखिर में इसका क्रेडिट एंथनी कॉन्स्टैंटीनो को दिया गया है, जो न्यूयॉर्क से ट्रम्प समर्थक रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं।

ट्रम्प के वीडियो शेयर करने के बाद कॉन्स्टैंटीनो ने कहा कि उनके लिए यह गर्व की बात है कि राष्ट्रपति ने उनके गाने को अपनी प्रोफाइल पर पोस्ट किया।

वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कुछ यूजर्स ने इसे मजेदार बताया, जबकि कई लोगों ने इसे ट्रम्प की आत्म-प्रचार वाली पोस्ट कहा। एक यूजर ने लिखा कि वीडियो में ट्रम्प किसी कॉमिक बुक के सुपरहीरो जैसे लग रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने सवाल उठाया कि राजनीतिक नेताओं के अक कंटेंट और प्रचार के बीच की रेखा लगातार धुंधली होती जा रही है।

### ट्रम्प पहले भी शेयर कर चुके हैं AI तस्वीरें

यह पहला मौका नहीं है जब ट्रम्प ने AI-जनरेटेड कंटेंट शेयर किया हो। हाल के महीनों में उन्होंने कई ऐसी पोस्ट की हैं, जिनमें खुद को अलग-अलग किरदारों और भूमिकाओं में दिखाया गया था। इससे पहले उन्होंने खुद को जेम्स बॉन्ड के अंदाज में ट्रम्प 007 कैप्शन के साथ दिखाया था। इससे पहले वह खुद को ग्रेटेस्ट अट्रैक्शन बताते हुए भी तस्वीर शेयर कर चुके हैं।

अप्रैल में ट्रम्प ने एक AI-जनरेटेड फोटो पोस्ट की थी, जिसमें उन्होंने खुद को जीसस के रूप में दिखाया गया था। उस पोस्ट को लेकर काफी विवाद हुआ था। बाद में पोस्ट हटा ली गई, लेकिन ट्रम्प ने माफी नहीं मांगी। उन्होंने सफाई देते हुए कहा था कि उन्हें लगा था कि तस्वीर में वह डॉक्टर की तरह दिख रहे हैं।

ट्रम्प पहले भी कई बार कह चुके हैं कि वह पारंपरिक मीडिया से ज्यादा सोशल मीडिया को अपनी बात रखने का अहम जरिया मानते हैं। इसी वजह से ट्रुथ सोशल पर उनकी लगभग हर पोस्ट कुछ ही देर में राजनीतिक और सोशल मीडिया बहस का हिस्सा बन जाती है।

ईरान के साथ बढ़े तनाव के दौरान भी ट्रम्प ने कई अकजनरेटेड तस्वीरें पोस्ट की थीं। इनमें कुछ तस्वीरों में ईरानी नौसेना को तबाह हालत में दिखाया गया था, जबकि दूसरी तस्वीरों में अमेरिकी सैन्य ताकत को बेहद आक्रामक अंदाज में पेश किया गया था।

इन तस्वीरों के जरिए ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान की सेना कमजोर पड़ चुकी है और होर्मुज स्ट्रेट जैसे रणनीतिक इलाके में अमेरिका बढ़त बना रहा है। हालांकि इन तस्वीरों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं थी और इन्हें अकसे तैयार किया गया विजुअल कंटेंट माना गया। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इसे राजनीतिक प्रोपेगेंडा और डर पैदा करने वाला कंटेंट बताया, जबकि ट्रम्प समर्थकों ने इसे उनकी मजबूत नेतृत्व वाली छवि से जोड़कर देखा।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 08 जून, 2026

### सुभाषितानि

एकेनापि सुपुत्रेण विद्यायुक्ते च साधुना।
आह्लादितं कुलं सर्वं यथा चन्द्रेण शर्वरी॥

**भावार्थ** : जिस प्रकार अकेला चन्द्रमा रात की शोभा बढ़ा देता है, ठीक उसी प्रकार एक ही विद्वान -सज्जन पुत्र कुल को आह्लादित करता है।

एकेन शुष्कवृक्षेण दह्यमानेन वह्निना।
दह्यते तद्वनं सर्वं कुपुत्रेण कुलं यथा॥

**भावार्थ** : जिस प्रकार एक ही सूखे वृक्ष में आग लगने पर सारा वन जल जाता है इसी प्रकार एक ही कुपुत्र सारे कुल को बदनाम कर देता है।

## सम्पादकीयम्

### स्वातन्त्र्यं प्राप्तस्य

वर्तमान लोकसभायां संसदसदस्यानां (सांसदानां) केवलं १४% भागः महिलाः सन्ति; राज्यानां केन्द्रप्रदेशानां च विधानसभासु स्थितिः अधिका निराशाजनकः अस्ति, यत्र विधानसभायाः सदस्यानां (विधायकानां) सदस्यानां केवलं १०% भागः महिलाः एव सन्ति यदि च स्त्रियाः भागग्रहणस्य अवसरः अपि न दीयते तर्हि कदापि एषा विषमता कथं संशोधिता भवेत् दीर्घप्रतीक्षा : स्वातन्त्र्यं प्राप्तस्य तत्क्षणमेव भारतेन महिलानां मतदानस्य अधिकारः पुरुषाणां समकक्षं दत्त्वा वैश्विकं पूवार्नुमानं स्थापितं; तथापि तदनन्तरं राष्ट्रं अग्रिमे निर्णायकपदे पश्चात् अभवत्-राजनीतिषु तेषां समानभागीदारी सुनिश्चित्य। महिला आरक्षणविधेयकं प्रथमवारं १९९६ तमे वर्षे एच.डी. देवेगौडस्य सर्वकारः; ततः परं–दशकत्रयं यावत्–तस्य पारितस्य चत्वारः असफलाः प्रयासाः अभवन्। अधुना अस्य विधेयकस्य पारितीकरणार्थं विशेषतया १६ एप्रिलतः १८ एप्रिलपर्यन्तं संसदस्य विशेषसत्रं सर्वकारेण आहूतम्। लोकतन्त्रे संतुलनम्ः केरलनगरे निर्वाचनसभायां पीएम नरेन्द्रमोदी महिलाभ्यः आह्वानं कृतवान् यत ते विपक्षदलेषु दबावं कुर्वन्तु येन महिला आरक्षणविधेयकं संसदे विना किमपि विरोधं पारितं कर्तुं शक्यते। आदर्शः परिदृश्यः स्यात् यत् विधेयकं प्रत्येकस्मात् राजनैतिकदलात् समर्थनं प्राप्नुयात्, तस्मात् दबाव-रणनीतिः अथवा विरोधस्य भूतस्य आवश्यकता न भवति।

**टी-२० दलस्य कप्तानत्वे प्रमुखः परिवर्तनः सम्भाव्यते**

# श्रेयस अर्य्य भारतस्य नूतनः कप्तानः भवितुम् अर्हति




ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

भारतीयक्रिकेट्-दलस्य टी-२०-कप्तानत्वस्य विषये एकः प्रमुखः परिवर्तनः पत्तकेषु भवितुम् अर्हति। मीडिया-सञ्चारमाध्यमानां समाचारानुसारं भारते क्रिकेट्-नियन्त्रणमण्डलेन शीघ्रमेव मध्यमक्रमस्य बल्लेबाजं श्रेयस् अर्य टी-२० अन्तर्राष्ट्रीयदलस्य नूतनकप्तानरूपेण नियुक्तं कर्तुं शक्नोति। यदि एतत् भवति तर्हि सः वर्तमानस्य कप्तानस्य सूर्यकुमारयादवस्य उत्तरदायित्वं स्वीकुर्यात्। चयनसमित्या दलप्रबन्धनेन च भविष्यस्य रणनीतयः मनसि कृत्वा अस्मिन् परिवर्तने सहमतिः कृता इति कथ्यते, शीघ्रमेव औपचारिकघोषणा कर्तुं शक्यते।

सूत्रानुसारं यद्यपि हाले बीसीसीआई-समागमे टी-२०-कप्तानत्वस्य विषये औपचारिकचर्चा नासीत् तथापि अस्य विषयस्य विषये शीर्ष-अधिकारिषु-मुख्यचयनकः अजीत-अगरकरः, मुख्यप्रशिक्षकः गौतमगम्भीरः च समाविष्टाः-सहमतिः प्राप्ता अस्ति युवा बल्लेबाजः तिलकवर्मा उपकप्तानस्य भूमिकां न्यस्तः भवितुम् अर्हति इति अपि समाचाराः सूचयन्ति। आयर्लैण्ड्-इङ्ग्लैण्ड्-देशयोः विरुद्धं प्रस्तावितायाः टी-२०-श्रृङ्खलायाः दलचयनस्य समये नूतनः कप्तानः घोषितः भवेत् इति विश्वासः अस्ति।

श्रेयस अय इत्यस्य कप्तानपदस्य सशक्ततमः दावेदारः इति मन्यमानस्य अनेकाः प्रमुखकारणानि उद्धृतानि सन्ति। अस्य कारणं सर्वाधिकं प्रमुखं भारतीयप्रीमियरलीग-क्रीडायां तस्य उत्तमः नेतृत्व-अभिलेखः अस्ति। अय आईपीएल-इतिहासस्य प्रथमः कप्तानः अभवत् यः त्रीणि भिन्नानि मताधिकाराः अन्तिमपर्यन्तं नेतुम् अकरोत्। सः २०२० तमे वर्षे दिल्ली-कैपिटल्स्-क्लबस्य प्रथमवारं अन्तिम-क्रीडायाः मार्गदर्शनं कृतवान्, २०२४ तमे वर्षे कोलकाता-नाइट्-राइडर्स्-क्लबस्य नेतृत्वं कृतवान्, तदनन्तरं २०२५ तमे वर्षे पञ्जाब-किङ्गस्-क्लबस्य अन्तिम-पर्यन्तं नेतुम् सफलः अभवत्-एतत् पराक्रमः ११ वर्षाणां अन्तरालस्य अनन्तरं प्राप्तः।

आईपीएल-क्रीडायां कप्तानत्वेन तस्य अभिलेखः अपि प्रभावशाली अस्ति। सः १०० तः अधिकेषु मेलनेषु दलस्य नेतृत्वं कृतवान्, तस्य विजयस्य प्रतिशतं च अनेकेषां सफलानां कप्तानानां अपेक्षया श्रेष्ठं मन्यते। प्रमुखप्रतियोगितासु दबावेन दलस्य संचालनं कृत्वा परिणामान् प्रदातुं तस्य क्षमता।

**अन्नमलाई इत्यनेन**

## वैकल्पिक राजनैतिक संस्कृतेः स्थापना एव आसीत्

ब्रह्मास्त्र ›› चेन्नई

अन्नमलाई इत्यनेन स्वस्य त्यागपत्रे उक्तं यत् सः प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी इत्यस्य नेतृत्वेन तस्य विकासराजनीत्याः च प्रेरितः भाजपायाः सदस्यः अभवत्। तस्य उद्देश्यं तमिलनाडुदेशे वैकल्पिकराजनैतिकसंस्कृतेः स्थापना एव आसीत्। परन्तु सः स्वीकृतवान् यत् गतसार्धवर्षात् तस्य दलनेतृत्वस्य च मध्ये दृष्टि-रणनीति-सम्बद्धाः मतभेदाः निरन्तरं विस्तारिताः सन्ति

अन्नमलाई इत्यनेन उक्तं यत् तमिलनाडुस्य राजनैतिकपरिदृश्यस्य भविष्यदिशायाः च विषये तस्य दृष्टिकोणः दलस्य शीर्षनेतृत्वस्य दृष्टिकोणात् भिन्नः अस्ति। सः उल्लेखितवान् यत् यद्यपि वरिष्ठनेतृभिः सह अनेकाः चक्राः चर्चाः अभवन् तथापि सहमतिः न प्राप्ता, अन्ततः तस्य दलात् निर्गमनस्य निर्णयः अभवत्।

अन्नमलाई इत्यस्य प्रस्थानेन तमिलनाडुदेशे भाजपायाः संगठनात्मकशक्तेः महत्त्वपूर्णः आघातः भवितुम् अर्हति इति राजनैतिकपर्यवेक्षकाणां मतम्। राज्ये दलस्य विस्तार-अभियानस्य मुखत्वेन अन्नमलाई-नगरं युवानां मध्ये विशेषतया लोकप्रियं मन्यते। तस्य नेतृत्वे अनेकेषां जन-आन्दोलनानां, राजनैतिक-अभियानानां च माध्यमेन दलस्य उपस्थितिः अनुभूता आसीत्।

तदनन्तरं द्वयोः वरिष्ठनेतृयोः गमनेन ज्ञायते यत् भाजपायाः राज्य-एककस्य अन्तः असन्तुष्टिः केवलं व्यक्तिगतस्तरं यावत् सीमितं नास्ति। यदि आगामिषु दिनेषु अधिकाः नेतारः अन्नमलाई इत्यस्य अनुसरणं कुर्वन्ति अथवा तस्य सम्भाव्यनवपक्षे सम्मिलिताः भवन्ति तर्हि तमिलनाडुभाजपायाः कृते स्थितिः अधिका चुनौतीपूर्णा भवितुम् अर्हति।

## संजालीकरणं, स्थानीयकार्यअनुभवः विशेषविशेषज्ञता, विकसितप्रौद्योगिकीनां

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

वर्तमानकार्यबाजारे संजालीकरणं, स्थानीयकार्यअनुभवः, विशेषविशेषज्ञता, विकसितप्रौद्योगिकीनां अनुरूपं स्वकौशलं निरन्तरं अद्यतनीकर्तुं क्षमता च समानरूपेण महत्त्वपूर्णा अभवत् अधुना बहवः व्यावसायिकाः पूवार्पेक्षया बहु दीर्घकालं यावत् कार्याणि अन्वेष्टुं प्रवृत्ताः सन्ति। एकेन वायरल्-पोस्ट्-पत्रेण अमेरिका-देशे कार्यं कुर्वतां सहस्राणां विदेशीय-व्यावसायिकानां चिन्ता प्रकाशिता अस्ति। एषः विषयः विशेषतया भारतीयमूलस्य प्रौद्योगिकीविशेषज्ञानाम् मध्ये चचार्याः प्रमुखः विषयः अभवत्, यतः भारतीयव्यावसायिकाः। एच्-१ बी वीजाकार्यक्रमस्य बृहत्तमस्य लाभार्थीसमुदायस्य गठनं कुर्वन्ति सामाजिकमाध्यमेषु अनेके अस्याः घटनायाः वर्णनं अमेरिकी-नौकरी-विपण्यस्य परिवर्तनशील-वास्तविकतायाः प्रतीकं कृतवन्त।

### राशिफल

**मेष** : आपकी सेहत अच्छी रहने वाली है। निवेश का पूरा लाभ मिल सकता है। प्रेम-संबंधों में सुधार के संकेत हैं।

**वृषभ** : आप अपनी व्यस्त दिनचर्या से अपनों के लिए समय निकालेंगे। आपको खुशी और मानसिक शांति का अनुभव हो सकता है।

**मिथुन** : निवेश का लाभ पाएंगे। आपको परिवार और प्रियजनों के साथ समय बिताने की जरूरत है।

**कर्क** : जीवनसाथी के साथ आनंददायक समय बिताएंगे। कामकाज की अधिकता के कारण थकान महसूस कर सकते हैं।

**सिंह** : आपको आकस्मिक धन लाभ हो सकता है। किसी नए काम की शुरूआत के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या** : करियर में आगे बढ़ने के लिए नई सोच के साथ तैयार रहना होगा। सेहत के लिहाज से दिन मध्यम रहेगा।

**तुला** : कार्यस्थल पर वाद-विवाद से बचें। धन की बचत पर जोर दें, ताकि भविष्य में धन से जुड़ी परेशानी का सामना कर सकें।

**वृश्चिक** : आप कार्यों में सफलता हासिल करेंगे। कार्यस्थल पर टीम वर्क पर जोर दें, ताकि हर मुश्किल समस्या का हल निकल सके।

**धनु** : कार्यक्षेत्र में किसी टास्क को पूरा करते समय धैर्य रखें। आराम और संतुलन को प्राथमिकता दें।

**मकर** : सहकर्मी आपके किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए मदद मांग सकते हैं और आपको इसके लिए तैयार रहना चाहिए।

**कुंभ** : कार्यस्थल पर आपके विचारों को महत्व दिया जाएगा। आपकी राय सहकर्मियों का ध्यान आकर्षित कर सकती है।

**मीन** : दिन चुनौतियों से भरा हो सकता है। शारीरिक ऊर्जा मध्यम रहेगी। भाग्य के भरोसे काम करने से बचें।

**ज्योतिष/वास्तु**

## 20 दिन तक कृतिका नक्षत्र में विराजमान रहेंगे ग्रहों के सेनापति मंगल, जानें किन राशियों का चमकेगा भाग्य

मंगल 16 जून को कृत्तिका नक्षत्र में प्रवेश करेगा और 5 जुलाई तक वहीं रहेगा। यह गोचर साहस, ऊर्जा और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला माना जाता है। इस अवधि में कुछ राशियों के करियर में उन्नति के योग बनेंगे, जबकि आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा।

ज्योतिष शास्त्र में मंगल ग्रह को साहस, ऊर्जा और आत्मविश्वास का कारक माना जाता है। 16 जून को सुबह 9:40 बजे मंगल कृत्तिका नक्षत्र में प्रवेश करेगा और 5 जुलाई तक इसी नक्षत्र में स्थित रहेगा। यह ग्रह गोचर बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसका प्रभाव सभी 12 राशियों पर अलग-अलग रूप में देखने को मिलेगा। इस अवधि



में कुछ राशियों के लिए करियर में प्रगति, आर्थिक स्थिति में सुधार और व्यक्तिगत संबंधों में सकारात्मक बदलाव के योग बन सकते हैं। आइए जानते हैं किन लोगों के लिए यह समय सबसे ज्यादा लाभकारी साबित हो सकता है।

**मेष राशि-** मंगल का कृत्तिका नक्षत्र में गोचर मेष राशि वालों के लिए अत्यंत शुभ संकेत दे रहा है। इस समय आत्मविश्वास और शारीरिक ऊर्जा में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। व्यापार में अचानक लाभ या कोई बड़ा अवसर मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने लगेंगे और जीवन में बड़ी सफलता के योग बनेंगे।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय सौभाग्य और प्रगति लेकर आ सकता है। अटके हुए कार्य पूरे होने में आसानी होगी और जीवनसाथी या परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में आपकी नेतृत्व क्षमता मजबूत होगी और आय के नए स्त्रोत भी बन सकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**वृश्चिक राशि-** मंगल का यह गोचर वृश्चिक राशि वालों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास लेकर आएगा। हालांकि इस दौरान जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। अचानक धन लाभ के योग बन सकते हैं जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। निजी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और विद्यार्थियों के लिए यह समय विशेष रूप से अनुकूल रहेगा।

**मीन राशि-** मीन राशि के लिए यह गोचर शुभ बदलाव लेकर आ सकता है। आय में वृद्धि और करियर में उन्नति के संकेत मिल रहे हैं। निवेश से जुड़े मामलों में लाभ मिलने की संभावना है। नौकरी या व्यवसाय में पदोन्नति के योग बनेंगे, खासकर विदेश से जुड़े कार्यों में अच्छा लाभ मिल सकता है। स्वास्थ्य में सुधार होगा और पुराने लंबित कार्य पूरे होने लगेंगे।

**वैभव सूर्यवंशी भारतीय टीम में चुने गए सबसे युवा क्रिकेटर**

# 15 साल, 71 दिन की उम्र में सिलेक्शन हुआ

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम में चुने गए अब तक के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। 15 साल, 71 दिन के वैभव को जून-जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के साथ-साथ सितंबर में होने वाले एशियन गेम्स के लिए चुना गया है। एशियन गेम्स में क्रिकेट के मुकाबले टी-20 फॉर्मेट में ही होते हैं। श्रेयस अय्यर टी-20 फॉर्मेट में भारत के नए कप्तान बनाए गए हैं। वर्ल्ड कप जीतने वाले सूर्यकुमार यादव से कप्तानी छीन ली गई है। उन्हें टीम से भी बाहर कर दिया गया है। तिलक वर्मा टी-20 टीम के उपकप्तान बनाए गए हैं।

टीम में पहली बार सिलेक्शन होने के दिन सबसे कम उम्र के मामले में वैभव ने शेफाली वर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा है। इससे पहले शेफाली पुरुष और महिला क्रिकेट मिलाकर भारतीय टीम के लिए चुनी जाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी थीं। शेफाली जब पहली बार चुनी गई थीं, तब वह 15 साल, 220 दिन की थीं। वहीं,




पुरुष क्रिकेटर्स में यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था। सचिन 16 साल, 194 दिन की उम्र में भारतीय टीम में चुने गए थे।

**सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले भारतीय भी बन सकते हैं वैभव-** शेफाली ने 15 साल 239 दिन की उम्र में भारत के लिए पहला मैच खेल लिया था। वहीं, सचिन ने 16 साल 205 दिन की उम्र में भारत के लिए डेब्यू किया था। वैभव को अगर इंग्लैंड-आयरलैंड टूर या एशियन गेम्स में एक भी मैच खेलने का मौका मिल जाता है तो वे शेफाली और सचिन दोनों को पीछे छोड़कर भारत के लिए खेलने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन जाएंगे।

**आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और प्रिंस यादव।

**एशियन गेम्स के लिए भारतीय टी-20 टीम-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह।

**दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी नहीं बनेंगे वैभव-** जर्सी की निया चार्लोट ग्रेग सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाली क्रिकेटर हैं। उन्होंने 2019 में 11 साल, 40 दिन की उम्र में पहला टी-20 इंटरनेशनल खेला था। उनेक नाम सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। पुरुषों में रोमानिया के मारियन गेरासिम सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले पुरुष क्रिकेटर हैं। उन्होंने 2020 में 14 साल और 16 दिन की उम्र में पहला टी-20 इंटरनेशनल खेला था। यानी वैभव दुनिया के सबसे युवा क्रिकेटर नहीं बन सकते।

**कोहली की जगह वनडे खेलेंगे जायसवाल-** अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में विराट कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल खेलेंगे। चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने बताया कि जायसवाल चोटिल कोहली को रिप्लेस करेंगे। विराट कोहली हैमिस्टिंग इंजरी के कारण इस सीरीज से बाहर हो गए हैं।

शुभमन गिल (कप्तान), श्रेयस अय्यर, रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, हर्ष दुबे, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव, कुलदीप यादव और गुरनूर बरार।

**प्रज्ञानानंदा नॉर्वे चेस खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने**

## फाइनल राउंड में जर्मनी के विन्सेंट को हराया वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को दो बार मात दी

ब्रह्मास्त्र ›› ओस्लो

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने इतिहास रचते हुए नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीत लिया है। 20 साल के प्रज्ञानानंदा इस टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। फाइनल राउंड में उन्होंने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। टूर्नामेंट के आखिरी दिन प्रज्ञानानंदा 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थे।

उन्होंने क्लासिकल मुकाबला जीतकर 3 अंक हासिल किए और कुल 18 अंकों के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। नॉर्वे चेस टूर्नामेंट को सबसे ज्यादा 7 बार मैग्नस कार्लसन ने जीता। 2025 में भी वही चैंपियन थे।

**आखिरी राउंड में पलटी बाजी, वेस्ली टाईब्रेकर जीतने के बावजूद हारे-** टूर्नामेंट के आखिरी राउंड में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो 15.5 अंकों के साथ टॉप पर थे। लेकिन उनका मुकाबला ड्रॉ रहा और फैसला आमार्गेडन टाईब्रेकर में



गया। इससे प्रज्ञानानंदा के लिए खिताब जीतने का रास्ता खुल गया। वेस्ली सो ने टाईब्रेकर तो जीत लिया, लेकिन उन्हें केवल 1.5 अंक मिले। इस तरह उनके कुल 17 अंक हुए, जो प्रज्ञानानंदा से एक कम थे। फ्रांस के अलीरजा फिरोजा 15.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आखिरी दौर में मैग्नस कार्लसन ने गुकेश को हराया, लेकिन वह भी खिताब नहीं जीत सके। कार्लसन 13 अंकों के साथ 5वें स्थान पर रहे।

**प्रज्ञानानंदा ने वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को दो बार हराया-** इस टूर्नामेंट के शुरूआती दौर में प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन साधारण रहा, लेकिन बाद के मुकाबलों में उन्होंने शानदार वापसी की। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक वर्ल्ड नंबर-1 और सात बार के नॉर्वे चेस चैंपियन मैग्नस कार्लसन को दो बार क्लासिकल मुकाबलों में हराना रहा। प्रज्ञानानंदा भारत के दूसरे ऐसे खिलाड़ी बने, जिन्होंने एक ही टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन को दो बार हराया। इससे पहले 2007 में विश्वनाथन आनंद ने लिनारेस इंटरनेशनल टूर्नामेंट में कार्लसन को लगातार दो मुकाबलों में शिकस्त दी थी। प्रज्ञानानंदा ने वह कर दिखाया जो भारतीय शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद भी नहीं कर पाए थे।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, सोमवार 08 जून, 2026



## खबर एक नजर...

### परिवार की प्रताड़ना से तंग आकर लगाई थी फांसी

**उज्जैन।** मक्सीरोड पिलियाखाल रेलवे ब्रिज की रेलिंग से 23 अप्रैल को संतोष पिता दयाराम पाल 45 साल निवासी देसाईनगर की रस्सी के फंदे पर लटकी लाश मिली थी। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का सामने आया था। पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। इस दौरान पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के बयान दर्ज किये गये। जिसमें सामने आया कि संतोष को पिता दयाराम, भाई राजकुमार और भाभी आरती पाल द्वारा पैतृक मकान को लकर प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसके चलते वह परेशान रहने लगा था। घटना वाले दिन भी पारिवारिक विवाद हुआ था उसके बाद संतोष घर से उद्योगपुरी पॉवर लूम पर काम करने का बोलकर निकला था, लेकिन उसने पिलियाखाल रेलवे ब्रिज पर पहुंचकर फांसी लगा ली थी। विवेचना में आये तथ्यों और बयानों के आधार पर पंवासा पुलिस ने मृतक की पत्नी दीपमाला की शिकायत पर पिता, भाई और भाई के खिलाफ धारा 108, 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर लिया। तीनों की गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### रात में शराब पीकर लौटा सुबह फंदे पर लटका मिला

**उज्जैन।** नीमनवासा में रहने वाला हुकुम पिता केसरसिंह मालवीय 45 साल शनिवार रात शराब का नशा कर घर लौटा था। उसकी हालत देख परिजनों ने कुछ नहीं कहा और अपने कमरे में सोने चले गये। रविवार सुबह पास में रहने वाला भाई देवकरण पानी की मोटर चालू करने के लिये पहुंचा तो उसने हुकुमसिंह को रस्सी के फंदे पर लटका देखा। उसने परिवार को बुलाया और मामले की सूचना पंवासा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल से शव को चरक अस्पताल पोस्टमार्टम के लिये पहुंचा। दोपहर में पोस्टमार्टम के दौरान भाई देवकरण ने बताया कि हुकुम 2 बच्चों का पिता था और पूर्व में पीएचई मस्टर कर्मचारी था। लेकिन नशा करने से उसकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई थी। संभवतः नशे की हालत और आर्थिक परेशानी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

### हनुमान मंदिर में शराब पीने से मना करने पर विवाद

**उज्जैन।** ग्राम कागदी कराडिया हनुमान मंदिर में शराब पीने से मना करने की बात पर जितेन्द्र पिता मोहनलाल मेवाड़ा पिपलीनाका और अमित पिता धारासिंह चौहान पानबिहार के बीच विवाद हो गया। दोनों की ओर से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। घटनाक्रम में एक पक्ष से जितेन्द्र और उसका साथी हितेश पिता राजेश भामी मोहल्ला रतलाम घायल हो गये। दूसरे पक्ष से अमित चौहान को चोंट आई। मामला भैरवगढ़ थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। अमित का कहना था कि उसके साथ बिना वजह दोनों ने मारपीट की है। वहीं जितेन्द्र का आरोप था कि मंदिर में शराब पीने से मना किया तो उनके साथ मारपीट की गई है।

### पिता के साथ मारपीट कर पुत्र ने हत्या की दी धमकी

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम अरनिया सुकड़ी में रहने वाला शंकरलाल शराब पीकर घर लौटा था। उसे नशे की हालत में देख पिता कालूराम बागरी 60 साल ने शराब नहीं पीने की समझाईश दी। नशे में धुत पुत्र शंकरलाल ने पिता के साथ मारपीट की जान से मारने की धमकी दी। पिता की शिकायत पर पुलिस ने पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अन्य मामले में नागदा के रहने वाले भगवान पिता कचरू 65 साल के साथ भी पुत्र संजय ने मारपीट की और घर से निकाल दिया। घायल पिता को परिजनों ने उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। घायल भगवान का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है। पिता का कहना था कि पुत्र की शादी की और मकान बनाकर दिया। जिसके चलते कर्ज हो गया था, पुत्र से कर्ज लौटाने की बात कहीं तो उसने मारपीट कर घर से निकाल दिया है। मामले में नागदा पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज कर पुत्र के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

### घर के बाहर खड़े युवक से बदमाश ने मांगे रुपए

**उज्जैन।** देवासरोड स्थित हामूखेड़ी में रहने वाला साहिल पिता दीपक सोलंकी 20 साल शनिवार-रविवार रात 11.30 बजे गर्मी अधिक होने पर घर के बाहर हवा में खड़ा था। उसी दौरान क्षेत्र का रहने वाला बदमाश मधु उर्फ मधुसुदन बोडाना आया और शराब पीने के लिये 1 हजार रुपए मांगने लगा। साहिल के मकान करने पर दोनों के बीच विवाद हुआ, बदमाश ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। साहिल के परिजन और आसपास लोग आवाज सुनकर बाहर आये तो बदमाश भाग निकला। मामले में साहिल की शिकायत पर नागझिरी थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज कर किया है। एक अन्य मामले में जानकीनगर जीवाजीगंज में रहने वाला अजय पिता दीपनारायण 30 साल ग्राम गौंसा से लौट रहा था। उसी दौरान एक बदमाश ने रास्ता रोक शराब के रुपयों की मांग की और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मामले में बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दोनों मामलो में रविवार शाम तक बदमाशों की तलाश जारी थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 459-8 | 479-0 |
| मेन बाजार | 267-5 | 579-1 |
| मिलन डे | 477-8 | 123-6 |
| मिलन नाइट | 330-6 | 158-4 |

3 9 0

---

**झांसा देकर कराया था ट्रांजेक्शन, 118 दिन बाद गुजरात से लाई पुलिस**

# हिरासत में आये ठग ने लौटाई 1.95 लाख की राशि

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर ग्रामीण से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराकर 1.95 लाख की ठगी करने वाला 118 दिन बाद गुजरात से पुलिस की हिरासत में आ गया। पूछताछ के बाद आरोपी ने ठगी की पूरी राशि लौटा दी। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि ग्राम कढ़ाई में रहने वाला गोपाल पिता प्रेमसिंह खेती किसानी का काम करता है। कुछ माह पहले मोबाइल पर आये कॉल के बाद उसे ट्रेडिंग में मुनाफ का झांसा दिया गया और चंद दिन में ही राशि इंवेस्ट करने पर 15 से 20 प्रतिशत का मुनाफा देने की बात कहीं गई। गोपाल झांसे में आ गया, उसने पहले कुछ राशि का इंवेस्टमेंट किया, उसे मुनाफा दिखाया गया, राशि 2 से 3 दिन में बढ़ने पर गोपाल ने अलग-अलग दिनों में करीब 1.95 लाख रुपए का इंवेस्टमेंट करते हुए कॉल धारक के खाते में



ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर दिया। कुछ दिन बाद मुनाफा नहीं मिले और कॉल धारक से संपर्क नहीं होने पर धोखाधड़ी का आभास हुआ। गोपाल द्वारा सायबर हेल्प लाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई। जहां से मामला पुलिस के पास पहुंचा। 2 फरवरी को मामले में अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318 (4), 319 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। मोबाइल नम्बर के साथ जिस खाते में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हुआ था, उसकी जानकारी बैंक के माध्यम से प्राप्त की गई। इस दौरान सामने आया कि उक्त 1.92 लाख का ट्रांजेक्शन गुजरात के दाहोद में रहने वाले राजेश पिता बिछिया भाई निवासी पिपलिया थाना लिमड़ी, जिला दाहोद (गुजरात) के खाते में हुआ है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एसआई राजेन्द्र सिंह तोमर,एएसआई दिनेश निनामा, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, अशोक कटारा, आरक्षक भोजराज परमार, दिलीप सिंह राणा, दीपक मालवीय की टीम गठित की गई और गुजरात रवाना किया गया। शनिवार सुबह आरोपी को हिरासत में लिया गया और इंगोरिया लाया गया। जहां पूछताछ के बाद उसने ठगी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से ठगी की सौ प्रतिशत राशि 1.95 लाख रुपए बरामद कर ली। जिसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### पूर्व में कई लोगों से कर चुका था ठगी

एएसआई दिनेश निनामा ने बताया कि आरोपी ऑनलाइन धोखाधड़ी का पेशेवर आरोपी है। वह पूर्व में भी कई लोगों के साथ मुनाफे का झांसा देकर ठगी कर चुका है। उसके खिलाफ गुजरात में भी कई प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। उसके द्वारा लोगों को 2 से 3 दिनों में 15 से 20 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर अपने झांसे में लिया जाता था। ट्रेडिंग के साथ ही वह अन्य माध्यमों में भी इंवेस्टमेंट का झांसा देता था।

---

## दर्शनार्थियों की भीड़ में परिवार से बिछ़डी वृद्धा



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शनिवार-रविवार को अवकाश होने पर धार्मिक नगरी में बाबा महाकाल के दर्शन करने लाखों की संख्या में पहुंचे है। रविवार को दर्शनाथियों की भीड़ में तेलगांना से आई वृद्धा परिवार से बिछड़ गई। पुलिस ने 5 घंटों की तलाश के बाद वृद्धा को परिजनों से मिलवा दिया।

महाकाल थाना एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान ने बताया कि तेलगांना से परिवार महाकाल दर्शन करने आया था। दर्शन के बाद भीड़ में परिवार की 60 वर्षीय वृद्धा लक्ष्मी पति वासु परिवार से बिछड़ गई। परिवार ने लक्ष्मी के लापता होने की सूचना मंदिर समिति और पुलिस को दी। बिछड़ी वृद्धा लक्ष्मी के पास मोबाइल नहीं था। परिवार भी तलाश में लगा हुआ था। पुलिस ने अपने माध्यम से सोशल मीडिया पर जानकारी प्रसारित की और मंदिर के सुरक्षा ग्रुप में जानकारी साझा की गई। करीब 6 घंटे की तलाश के बाद मंदिर क्षेत्र से ही बिछड़ी वृद्धा को खोज लिया गया और परिवार को सौंपा गया। एक-दूसरे से मिलने पर परिवार की आंखों में आंसू आ गये थे। एएसआई चौहान के अनुसार परिवार को समझाया गया और आम लोगों से भी अपील की गई है कि वह दर्शन के लिये आये तो बुजुर्गो और बच्चों के पास मोबाइल नम्बर लिखी पर्ची, दस्तावेज रखे, ताकि बिछड़ने पर उनके परिजनों का तत्काल पता लगा लिया जाये।

---

**गिरोह में शामिल 3 आरोपियों की होगी गिरफ्तारी**

## जमीन मालिक बन धोखाधड़ी करने वालों का बढ़ा रिमांड

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जमीन का फर्जी मालिक बनकर की गई 36 लाख की धोखाधड़ी में गिरफ्तार 2 आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया था। रविवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर कोर्ट में पेश कर 2 दिन की अवधि बढ़वाई गई है।

माधवनगर थाना पुलिस ने ग्राम मानपुरा में रहने वाले रविन्द्रसिंह तंवर की शिकायत पर जमीन का फर्जी मालिक बनकर 2 लोगों द्वारा 36 लाख की धोखाधड़ी की करने का प्रकरण दर्ज किया था। 1 जून को तथाकथित जमीन मालिक दिलीप सिंह उर्फ भैरूसिंह पिता करणसिंह निवासी ग्राम खेडा चितावलिया माकडोन और दलाल मंगल पिता हाकमसिंह निवासी ग्राम रलायती को




विक्रमनगर ब्रिज के पास से बिना नम्बर की स्वीफ्ट कार के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों को कोर्ट में पेश कर पांच दिनों की रिमांड पर लिया गया था। उनके पास से फर्जी आधार कार्ड, दस्तावेज, मोबाइल जप्त किया गया। पूछताछ में सामने आया कि फर्जी आधार कार्ड तनोड़िया के युवक से बनवाया था। वहीं गिरोह में एक खाताधारक और तनोडिया के पास ग्राम भुडवास का साथी भी शामिल है। एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि रविवार को गिरफ्त में आये दोनों आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर कोर्ट में पेश कर 2 दिनों के लिये बढ़वाई गई है। धोखाधड़ी में शामिल दोनों के साथियों का पता चल गया है। जिनकी गिरफ्तारी सोमवार शाम तक कर ली जायेगी।

### 1.39 करोड़ में किया था जमीन का सौदा

मामला दर्ज होने के बाद सामने आया था कि रविन्द्रसिंह ने अपनी जमीन बेची थी। उसे दूसरी जमीन की तलाश थी, इसी बीच दलाल मंगलसिंह ने ग्राम सलामता में 12 बीघा जमीन दिखाई और जमीन का मालिक भैरूसिंह को दिलीप सिंह बताकर मिलवाया। दोनों ने 1.39 करोड़ में सौदा तय किया और रजिस्ट्रार कार्यालय बुलाकर अनुबंध कराया। इस दौरान रविन्द्रसिंह ने 10 लाख रुपए नगद, 25 लाख का चैक और 95 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया था। रविन्द्रसिंह परिवार को ग्राम सलामता जमीन दिखाने पहुंचा तो उसका सामान असली जमीन मालिक दिलीपसिंह से हो गया। जिसके बाद धोखाधड़ी का मामला उजागर हुआ था।

---

**देवास गेट स्थित पीएचई कार्यालय की चद्दर की छत पर पेड़ गिरा**

## ऑफिस में मौजूद कर्मचारी बाल-बाल बचे





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

देवास गेट स्थित पीएचई के पेढ़ी कार्यालय के ऊपर एक विशाल पेड़ अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय सभी पीएचई के कर्मचारी ऑफिस में मौजूद थे और ऑफिस का कार्य निपटा रहे थे। इस घटना में ऑफिस में कार्य करने कर्मचारी बाल बाल बचे और बड़ा हादसा होने से टल गया।बताया जाता है कि कार्यालय की छत भी लोहे के चद्दर व टीन शेड से बनी थी ऐसे में पेड़ सीधे कार्यालय की छत के चद्दर और टीन शेड पर गिरा। पेड़ के भार से चद्दर टूट गए और छत का पीओपी भी उखड़कर ऑफिस के अंदर टेबल व कंप्यूटर पर गिर गया। इसके साथ ही पेड़ छत में लगे लोहे के पाइप पर अटककर लटक गया। जिस वजह से ऑफिस में कार्य कर रहे कर्मचारी बाल बाल बच गए। जैसे ही कार्यालय की छत पर पेड़ गिरा तो धड़ाम की तेज आवाज सुनते ही ऑफिस में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारी घबराकर तुरंत बाहर निकल आए।

**लाखों का नुकसान, आफीस संचालन के दौरान हुआ हादसा-** पेड़ गिरने से ऑफिस में रखा सामान टूट गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 1 से 2 लाख रुपये तक का नुकसान होना बताया जा रहा है। घटना उस समय हुई जब पीएचई का पेढ़ी कार्यालय संचालित हो रहा था पीएचई कर्मचारी अपने काम में लगे थे। इसी दौरान अचानक विशाल पेड़ ऑफिस की छत के ऊपर गिर गया और इस घटना में चद्दर व टीन शेड से बनी छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और छत का पीओपी भी उखड़ गया। घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है।

---

### लम्बी बीमारी के बाद प्रधान आरक्षक का निधन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चिंतामण गणेश थाना पर पदस्थ प्रधान आरक्षक का लम्बी बीमारी के बाद रविवार को निधन हो गया। खबर जैसे ही थाना स्टॉफ को मिली माहौल गमगीन हो गया। प्रधान आरक्षक के निधन पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी शौक प्रगट कर श्रद्धांजलि दी गई।

चिंतामण गणेश थाना एएसआई विक्रम वर्मा ने बताया कि प्रधान आरक्षक रूपेन्द्र यादव पिछले कई महिनों ने बीमार चल रहे थे। उन्हे किडनी में पथरी हो गई थी। बॉम्बे अस्पताल में भी उपचार चला। इस दौरान किडनी में इंफेक्शन फैल गया था। परिजन उज्जैन ले आये थे और निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। रविवार सुबह खबर आई कि प्रधान आरक्षक रूपेन्द्र का निधन हो गया। थाना स्टॉफ अस्पताल पहुंचा और दिवंगत प्रधान आरक्षक का शव अंतिम संस्कार के लिये उनके निवास स्थान पर लाया गया। जहां से निकली अंमित यात्रा में पुलिस विभाग से जुड़े कई अधिकारी और जवान शामिल हुये।

---

## अलखधाम साईं मंदिर में 251 किलो आमरस से महाअभिषेक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर के अलखधाम देवस्थान स्थित साईं मंदिर में रविवार को ज्येष्ठ मास की तपती गर्मी से शीतलता प्रदान करने के लिए बाबा का विशेष आम्राभिषेक और ज्येष्ठाभिषेक किया गया। इस दौरान बाबा को 251 किलो विभिन्न प्रजातियों के आम के रस और देश की पवित्र नदियों के जल से स्नान कराया गया। महाअभिषेक के पश्चात करीब 1500 श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के बाद साईं भक्त कार्यकताओं की बैठक में सर्वसम्मति से सुरेंद्र मालवीय को मंदिर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

साईं मंदिर ट्रस्ट के ओम बंसल एवं अनूप सिंघल ने बताया कि भगवान के ज्येष्ठाभिषेक की पुरानी परंपरा रही है। इसी के तहत रविवार सुबह 9 बजे पवित्र नदियों के जल और फलों के रस से साईं बाबा का अभिषेक किया गया। इसके लिए 251 किलो हापुस, बादाम, केसर और सिंदूर आम का रस उपयोग किया गया। साईं बाबा के साथ ही भगवान शिव का भी आमरस से अभिषेक हुआ।

आयोजन में वाल्मीकि धाम के पीठाधीश्वर एवं राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक मास में पवित्र नदियों में स्नान करने से जीवन की गलतियों से मुक्ति मिलती है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने व्यवसाय और कमाई का कुछ प्रतिशत हिस्सा मंदिर या धर्म के कार्यों में अवश्य लगाना चाहिए। इस दौरान उज्जैन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने मंदिर की हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। आयोजन में प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव, रणकेश्वर धाम के निरंजन चौरसिया और वनराज चौरसिया भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत सुरेंद्र मालवीय, सत्यनारायण शर्मा और दीपक बेलानी ने किया। महाअभिषेक के पश्चात करीब 1500 लोगों ने महाप्रसादी ग्रहण की। इसके बाद साईं भक्त कार्यकर्ताओंऔर प्रबंधकों की एक अहम बैठक आयोजित की गई।

---

**पिछले 10 दिनों से रहस्यमयी ढंग से गायब 35 वर्षीय सुल्तान पटेल की गुमशुदगी का अंत एक सनसनीखेज हत्याकांड के रूप में सामने आया**

# इंदौर में मिली लापता की लाश, आरोपियों की तलाश में बड़नगर पुलिस

### जल्द हो सकता है सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन/बड़नगर

ग्राम पीरझलार से पिछले 10 दिनों से रहस्यमयी ढंग से गायब 35 वर्षीय सुल्तान पटेल की गुमशुदगी का अंत एक सनसनीखेज हत्याकांड के रूप में सामने आया है। जब तक सुल्तान का कोई सुराग नहीं मिला था, तब तक पुलिस भी मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। लेकिन जैसे ही इंदौर के यशवंत सागर जलाशय से सुल्तान का शव बरामद हुआ, वैसे ही यह पूरी तरह साफ हो गया कि यह सामान्य गुमशुदगी नहीं बल्कि एक बेरहमी से अंजाम दी गई हत्या है।




इस जघन्य वारदात के बाद से क्षेत्र के समाजजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है, जिसे देखते हुए बड़नगर थाना पुलिस ने आरोपियों को दबोचने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस मर्डर मिस्ट्री का पदार्फाश करने के लिए पुलिस की विशेष टीम ने पीरझलार गांव से लेकर यशवंत सागर तक के पूरे 60 किलोमीटर लंबे रास्ते को खंगाल डाला है। इस दौरान तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ मार्ग में आने वाले तमाम सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को फिर से खंगाला जा रहा है, जिससे कातिलों की आवाजाही के कई अहम सबूत पुलिस के हाथ लगे हैं। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने मीडिया से चर्चा में बड़ा दावा करते हुए कहा कि पुलिस की टीमें अब असली गुनहगारों के बिल्कुल नजदीक पहुंच चुकी हैं और बहुत जल्द इस पूरे मामले का ऐसा पदार्फाश किया जाएगा जिससे न्याय की जीत सुनिश्चित होगी।

गौरतलब है कि इस पूरी वारदात की शुरूआत बीते 28 मई 2026 की शाम को हुई थी। इंदौर के खजराना स्थित गोया रोड पर एक पारिवारिक शादी के कार्यक्रम में आई सुल्तान की पत्नी फजार्ना पटेल ने 29 मई को बड़नगर थाने में पति के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फजार्ना ने बताया था कि २८ मई की शाम को सुल्तान ने फोन पर उससे और बच्चों से बात की थी, लेकिन जब उसने कुछ देर बाद दोबारा कॉल किया तो सुल्तान का मोबाइल बंद आ रहा था। अगले दिन सुबह रिश्तेदारों से पता चला कि कुर्ता-पजामा पहने सुल्तान घर से गायब हैं। शुरूआत में पुलिस इसे साधारण गुमशुदगी मान रही थी, लेकिन अब मर्डर की पुष्टि होने के बाद आरोपियों की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। फिर जो भी हो आरोपी अब बच नहीं सकते, वे जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

### लाश मिलने से 9 दिन पहले ही संदिग्धों को कैसे पता चली मौत की बात?

सुल्तान हत्याकांड में एक ऐसा पेचीदा मोड़ आ गया है जो पुलिस की थ्योरी और जांच प्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। दरअसल, पुलिस ने शुरूआत में जिन पांच संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिए थाने में बैठाया था, उन्हीं लोगों ने सबसे पहले सुल्तान के परिवार को सूचना देकर यह दावा किया था कि उसकी मौत हो चुकी है। इसी सूचना के आधार पर पत्नी फजार्ना ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी और पुलिस की तस्दीक में मर्डर की बात सामने आने पर इन संदिग्धों को उठाया गया था।

### पुलिस के पहले घटनास्थल पर पहुंचने का क्या है राज?

पूछताछ के दौरान इन संदिग्धों ने पुलिस को कई बार गुमराह किया। पहले कहा कि सुल्तान को घर पर गोली मारी है, जब पुलिस को साक्ष्य नहीं मिले तो बयान बदला कि चाकू से हत्या की है। इसके भी सबूत न मिलने पर पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। अब समाजजनों और परिजनों का सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सुल्तान का शव 6 जून को बरामद हुआ और वह 28 मई की रात से लापता था, तो इन पांचों संदिग्धों को करीब 9 दिन पहले ही उसकी मौत की सटीक जानकारी कैसे थी? इतना ही नहीं, बड़नगर थाने से छूटने के बाद पुलिस सुल्तान को तलाशने जहां भी जाती, ये संदिग्ध पुलिस से पहले वहां पहुंच जाते। यशवंत सागर से जब शव मिला, तब भी ये पांचों वहां पहले से मौजूद थे, जिसके वीडियो फुटेज भी वायरल हो रहे हैं। इसी बात को लेकर आज उग्र समाजजनों और परिजनों ने बड़नगर थाने का घेराव कर पुलिस पर आरोपी पक्ष से सांठगांठ करने का गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि इतने स्पष्ट सबूतों के बाद भी पुलिस इन पांचों को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही है? हालांकि, पुलिस का कहना है कि साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और कातिल जल्द ही सलाखों के पीछे होंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com